# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 91 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 01 मार्च 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3


100 बायर्स को मिलेगा मालिकाना हक






P- 4

बलिया में ट्रक-बाइक की भिड़ंत...दो लोगो की मौत, एक ही बाइक पर दो


P- 5

राष्ट्रपति चुनाव के रण में बगैर किसी रोक-टोक ग्रैंड एंट्री के लिए तैयार





P- 6

सरकार के मामले को हल करे बिना डब्ल्यूएफआई ट्रॉयल में भाग नहीं लेंगे




## हैप्पी मॉर्निंग

चिंटू को खुशी के मारे उछलते देख, दोस्त ने पूछा- क्या हुआ इतना खुश कैसे है?
चिंटू- आज पहली बार मुझसे किसी लड़की ने मेट्रो में बात की।
दोस्त- वाह!
क्या बात हुई?
चिंटू- मैं बैठा हुआ था और लड़की बोली उठो ये लेडीज सीट है।



## शायरी


**माना प्रदूषण इस धरती पर
हमने बढ़ाई है
अब प्रदूषण कम करने की भी
कसम खाई है**

## अर्थसार

सेंसेक्स:
72,500.30
+195.41 (0.27%)
निफ्टी:
21,982.80
+31.65



## मौसम



अधिकतम : 26 डिग्री से0
न्यूनतम : 16 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 7 : 02
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 18

'चुनाव का पर्व'




भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार लखनऊ के योजना भवन में 'चुनाव का पर्व' प्रदर्शनी के दौरान एक स्टैंडी के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए।

## सिलसिलेवार बम धमाके का आरोपी टुंडा बरी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित टाडा अदालत ने 30 साल पुराने 1993 के राजधानी एक्सप्रेस सिलसिलेवार बम धमाका मामले के आरोपी अब्दुल करीम उर्फ टुंडा को बरी कर दिया है, जबकि इस मामले के दो अन्य आरोपियों हमीमुद्दीन उर्फ हमीद तथा इरफान को अदालत ने दोषी करार देते हुये उम्र कैद की सजा सुनायी है। पूर्व निर्धारित तिथि पर टाडा अदालत ने आज यह फैसला सुनाया। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत में टुंडा के खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं कर पायी, जिससे उसे संदेह का लाभ मिला और वह बरी कर दिया गया। अब सीबीआई उच्चतम न्यायालय में टाडा अदालत के फैसले पर अपील करेगी। उल्लेखनीय है कि पांच एवं छह दिसंबर 1993 को कोटा, सूरत , सिकन्दराबाद, कानपुर आदि में सीरियल बम धमाके हुये थे।

# एमपी : पिकअप पलटी, 14 की मौत

### 20 लोग घायल , टर्निंग पर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में गिरा वाहन

डिंडौरी। डिंडौरी में एक पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। वाहन में 35 लोग सवार थे। हादसा शहपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच हुआ।

मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। इनमें 10 लोग अम्हाई देवरी के हैं। दो पोंडी और एक-एक शव धमनी व सजनिया ले जाए गए हैं।

पुलिस ने पिकअप ड्राइवर अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को हिरासत में ले लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

पिकअप अजमेर की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि पिकअप अमाही देवरी गांव से मंडला जिले के मसूर घुघरी गांव गई थी। लौटते समय एक टर्निंग पर



पिकअप पलटी और 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि वाहन का बीमा और फिटनेस एक्सपायर हो चुका था। पिकअप वाहन माल ढोने के काम आता है। इससे सवारी ढोने की अनुमति नहीं होती है। बालाघाट डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने मौका मुआयना किया। उन्होंने कहा, वैधानिक कार्रवाई जारी है।

### कलेक्टर बोले- ड्राइवर ने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया था

कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। उसे जबलपुर रेफर किया है। ड्राइवर अजमेर की बेटी के परिवार में कार्यक्रम था।

सभी लोग वहीं से लौट रहे थे। ड्राइवर का गाड़ी पर नियंत्रण नहीं था। इस लोडिंग गाड़ी का बीमा और फिटनेस भी नहीं था। इस गंभीर लापरवाही पर परिवहन विभाग से बात कर रहे हैं।

### मृतकों के परिजन को 4.70 लाख, घायलों को 1.50 लाख की सहायता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन और घायलों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, कठिन समय में मदद करना हमारा फर्ज बनता है। मृतकों के परिजन को 4-4 लाख और घायलों को 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जांच के बाद क्लियर होगा कि ड्राइवर ने दारू पी थी या नहीं। ये उसका निजी वाहन है। इसमें उसके परिवार के लोगों को ही बैठाया गया था। कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों से मिलीं। उईके ने कहा कि मृतकों के परिजन को जिला प्रशासन की ओर से 20-20 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

### मंत्री बोले- जहां हादसा हुआ, वहां टर्न बहुत ज्यादा

डिंडौरी हादसे पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि जांच कराई जा रही है। जबलपुर में उन्होंने कहा, जहां हादसा हुआ, वहां मार्ग पर टर्न बहुत ज्यादा है। दोबारा ऐसी घटना न हो, सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है।

# किसानों के दिल्ली कूच का ऐलान टला

### बठिंडा में किसान शुभकरण का अंतिम संस्कार; पंधेर-डल्लेवाल बोले- आंदोलन खत्म नहीं होगा

अंबाला। किसान आंदोलन के 17वें दिन किसानों के दिल्ली कूच पर कोई नया ऐलान नहीं हुआ। पंजाब पुलिस के हत्या की एफआईआर दर्ज करने के बाद गुरूवार को बठिंडा में खनौरी बॉर्डर पर 21 फरवरी को मरे किसान शुभकरण का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

अंतिम संस्कार में पहुंचे किसान नेता सरवण पंधेर और जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि 3 मार्च को शुभकरण की आत्मिक शांति के लिए



अरदास रखी गई है। दिल्ली कूच को लेकर उन्होंने कहा कि अभी यह माहौल इस बारे में बात करने का नहीं है।

फिलहाल किसान पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे रहेंगे। आंदोलन अभी खत्म नहीं होगा। किसानों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून, डॉ. स्वामीनाथन कमीशन के फैसले के हिसाब से फसलों के दाम और किसान-मजदूरों की कर्ज माफी तक आंदोलन जारी रहेगा।

### पंधेर बोले- मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा

शुभकरण के अंतिम संस्कार के बाद किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि मांगों को लेकर आंदोलन जारी है। उन्होंने कहा कि 3 मार्च को गांव बल्लो की दाना मंडी में भोग समागम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा के किसान आंदोलन को प्यार करने वाले लोग यहां आएं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के अर्धसैनिक बलों ने किसान को शहीद किया है। इसका जवाब देश के 140 करोड़ लोग मोदी सरकार को देंगे।

# हिमाचल में सुक्खू सीएम बने रहेंगे

### कांग्रेस ने कहा- सभी मतभेद दूर किए,ऑपरेशन लोटस फेल रहा; अयोग्य करार दिए 6 विधायक हाईकोर्ट पहुंचे

शिमला । हिमाचल प्रदेश में सरकार की स्थिति और क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस ने 29 फरवरी की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और हिमाचल सीएम सुखविंदर सुक्खू शामिल थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी और विधायकों के बीच सारे मतभेद सुलझा लिए गए हैं। सुक्खू सीएम बने रहेंगे।



ऑपरेशन लोटस फेल हो गया है। हमारे लिए अब लोकसभा चुनाव प्राथमिकता है।

इससे पहले राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले 6 कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और बागी विधायक सुधीर शर्मा के समर्थकों में झड़प हो गई थी। उधर, पूर्व सीएम वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह ने विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया की सस्पेंशन की कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि ये फैसला हाईकमान को लेना था।

भाजपा ने भी अपने सभी विधायकों से कहा कि वे शिमला में ही रुके रहें। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अयोग्य ठहराए गए विधायक जाहिर तौर पर हमारे होंगे। अगर प्रतिभा सिंह भाजपा में आती हैं तो उनका स्वागत है। वहीं, कांग्रेस के 6 बागी विधायकों ने स्पीकर के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी है।

## दक्षिण भारत में तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक ज्यादा

नई दिल्ली। 2024 में होली के आसपास उत्तर और मध्य भारत के सभी राज्यों में हीटवेव (लू) चल सकती है। इसकी दो वजहें हैं- होली इस बार मार्च के आखिरी हफ्ते (25 मार्च) में है और दक्षिण भारत में तापमान की बढ़ोतरी दो हफ्ते पहले फरवरी की शुरुआत से ही हो गई। हालात ये हैं कि दक्षिण भारत के सभी राज्यों से महाराष्ट्र और ओडिशा तक दिन का तापमान 4-6 डिग्री तक ज्यादा यानी 33 डिग्री से ऊपर दर्ज हो रहा है। यह ट्रेंड इस बार फरवरी में पहले हफ्ते से ही दर्ज होने लगा, जो बीते दो साल में तीसरे हफ्ते में शुरू हुआ था। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि बीते दो वर्षों से उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में प्री-मानसून सीजन में तापमान बढ़ने का जो ट्रेंड दिखा है, वही इस बार जारी रहेगा। आईएमडी के पूर्व महानिदेशक केजे रमेश कहते हैं कि हम मौसमी चक्र के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब सर्दी खत्म होते ही बिना वसंतआए सीधे गर्मी आ रही है।

# 2 से ज्यादा बच्चे होने पर सरकारी नौकरी नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा, कहा- नियम भेदभाव नहीं करता



नई दिल्ली। राजस्थान में दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के 1989 के इस कानून को अब सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिल गई है। स्ट ने पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एक आदेश में ने 12 अक्टूबर 2022 के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और कहा कि राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।

### कौन है याचिकाकर्ता पूर्व सैनिक

2017 में रिटायर हुए पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट ने 2018 में राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के रूप में शामिल होने की मांग की थी। उनके आवेदन को राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 24(4) का हवाला देते हुए खारिज कर दिया गया था। इस नियम के तहत 1 जून 2002 के बाद पैदा हुए दो से अधिक बच्चे वाले व्यक्ति को नौकरी देने से रोकता है। जाट ने इसी नियम के खिलाफ तर्क देते हुए पहले राजस्थान हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

## मोदी के किसानों से किये वादे फर्जी निकले

नयी दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से जो वादे किए थे वे पूरे नहीं कर देश के किसानों के साथ विश्वासघात किया है।

खडगे ने ट्वीट कर कहा, 16 साल पहले, कांग्रेस-संप्रग सरकार ने 3.73 करोड़ किसानों का 72,000 करोड़ कृषि ऋष्ण तथा ब्याज़ माफ़ किया था। ये कांग्रेस की गारंटी थी जो पूरी हुई। केवल कांग्रेस ही अपनी गारंटी पूरी करती है।

मोदी पर किसानों से किए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, मोदी जी ने किसानों से दो बड़े वादे किए—पहला, लागत+50 प्रतिशत एमएसपीका दूसरा, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लेकिन 'मोदी की दोनों गारंटी' फ़र्ज़ी निकली और किसानों की हालत बदतर हुई।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने किसानों से फिर वादा किया है -15 करोड़ किसान परिवारों को एमएसपी की लीगल गारंटी देंगे। जय किसान जय हिंदुस्तान।

### 'वन रैंक वन पेंशन' योजना लागू करे सरकार

नयी दिल्ली, 29 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रवाद, देश प्रेम और सैन्य प्रेम को दिखावा करार देते हुए कहा है कि वह अपने पूंजीपति मित्रों के लिए सब कुछ करने को तैयार हैं लेकिन सैनिकों के लिए उनके हाथ बंध जाते हैं और वह देश की सभी सैन्य संस्थाओं को बर्बाद कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सैनिकों के लिए 'वन रैंक वन पेंशन' योजना लागू होनी चाहिए और पहले से दी जा रही उनकी कोई भी सुविधा बंद नहीं होनी चाहिए। कर्नल चौधरी ने प्रधानमंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा, मोदी का झूठा राष्ट्रवाद, झूठा देशप्रेम और झूठा सैन्य प्रेम देश के सैनिकों तथा उनके परिवारों को कमजोर कर रहा है।

## गिरफ्तारी के बाद शेख शाहजहां को टीएमसी ने सस्पेंड किया

### कहा- एक पार्टी सिर्फ बोलती है, तृणमूल जो कहती है वो करती है



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां को टीएमसी ने 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। पार्टी के फैसले का ऐलान करते हुए टीएमसी लीडर डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि एक पार्टी है, जो सिर्फ बोलती रहती है। तृणमूल जो कहती है, वो करती है। शेख को बंगाल पुलिस ने गुरुवार 29 फरवरी की सुबह नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया। वह 55 दिन से फरार था। पुलिस ने उसे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। कोलकाता पुलिस ने जांच क्रिमिनल इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट को सौंप दी है। साउथ बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने कहा कि वह 5 जनवरी को ईडी अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि श्वष्ठ की टीम पर हमले में शेख शाहजहां ने अपनी भूमिका कबूल कर ली है।

### बेल के लिए वकील हाईकोर्ट पहुंचा, कोर्ट बोला- गिरफ्तार ही रहने दो

गिरफ्तारी के तुरंत बाद शेख शाहजहां के वकील जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने कहा, उसे गिरफ्तार ही रहने दो। अगले 10 साल तक ये आदमी आपको बहुत व्यस्त रखेगा। आपको इस केस के अलावा कोई और चीज देखने का मौका नहीं मिलेगा। उसके खिलाफ 42 केस दर्ज हैं। वो फरार भी था। जो कुछ भी आपको चाहिए, आप सोमवार को आइए।

गैंगरेप-हत्या

### परिजन बोले- जबरन शराब पिलाई,अश्लील वीडियो बनाकर गैंगरेप किया; विरोध करने पर परिवार को पीटा

## 2 नाबालिग बहनों की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में दो नाबालिग बहनों की हत्या के मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोप है कि मर्डर से पहले उनका गैंगरेप किया था। उसके बाद उन्हें मारकर शव पेड़ पर लटका दिया था। जब वे घर नहीं पहुंची तो परिजन ने तलाश की। जिसके बाद बुधवार रात में उनका शव खेत में पेड़ से फंदे पर लटकता मिला था।

परिजन ने भट्ठा ठेकेदार समेत 3 लोगों पर गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए घाटमपुर थाने में स्नह्रक्र दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने ठेकेदार समेत 3 लोगों को पकड़ लिया है। ठेकेदार के मोबाइल से



कुछ अश्लील वीडियो भी मिले हैं। जिसमें दोनों बहने दिख रही हैं। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भट्ठा, खेत और आसपास इलाके में पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने छानबीन करके साक्ष्य जुटाए। पूरा मामला घाटमपुर के बरौली इलाके का है।

### खेलने निकली, फिर किसी ने नहीं देखा

दोनों लड़कियां रिश्ते में बहनें थीं। दोनों के परिवार मूलरूप से हमीरपुर के रहने वाले हैं। वो घाटमपुर के बरौली में एलआईसी भट्ठा पर मजदूरी करते थे। एक बहन 16 साल की, जबकि दूसरी की उम्र 14 साल थी। परिजनों के मुताबिक, दोनों एक साथ रहा करती थीं। बुधवार शाम को दोनों घर के बाहर निकली थीं। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चला।

एक लड़की के पिता भट्ठा पर काम करते थे। इसलिए उन्हें ढूंढते हुए परिवार के लोग भट्ठा की तरफ पहुंचे। रात में करीब 12 बजे यहां खेत में बेर के पेड़ पर दोनों के शव लटके दिखे। शव देखकर वहां हड़कंप मच गया। परिवार ने दोनों को नीचे उतारा। पुलिस को सूचना दी। करीब 12.30 बजे डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार, घाटमपुर थाना प्रभारी, फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची।

### कपड़े और शरीर पर लगी मिट्?टी के सैंपल लिए

खेत और भट्ठा पर फॉरेंसिक टीम ने करीब 2 घंटे तक साक्ष्य जुटाए। लड़कियों के कपड़े और उनके शरीर पर लगी मिट्टी के सैंपल लिए गए हैं। डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर 3 लोगों के खिलाफ रेप के बाद हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने गैंगरेप और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराएं लगाई हैं।

# 100 बायर्स को मिलेगा मालिकाना हक

## बिल्डर सोसाइटी में कैंप लगाकर होगी रजिस्ट्री; 7 बिल्डर ने जमा कराए 30 करोड़



**इन बिल्डरों ने जमा कराया पैसा, इनकी होगी रजिस्ट्री**

डिवाइन इंडिया इंफ्रास्ट्रचर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-108
कैपिटल इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड सेक्टर-168
एम्स आरजी एंड प्रमोटर प्राइवेट लिमिटेड / गोल्फ एवेन्यू सेक्टर-75
एचआर ओरेकल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड / इलाइट होम्स सेक्टर-77
गुलशन होम्स एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
एक्सप्रेस बिल्डर एंड प्रमोटर्स सेक्टर- 77

नोएडा। अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद पहली बार 1 मार्च को 100 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। कार्यक्रम एक्सप्रेस बिल्डर एंड प्रमोटर्स सेक्टर-77 में किया जाएगा। यहां प्राधिकरण, बायर्स और निबंधन विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

कैंप लगाकर रजिस्ट्री होगी। सिफारिश के तहत कुल 35 बिल्डरों ने सहमति दी है। ये सभी बिल्डर 2209 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कर देते है तो 13 हजार 639 होम बायर्स को उनको मालिकाना हक मिल जाएगा।

सिफारिश के तहत अभी इसी बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया जा रहा है। ये कुल बकाया के 552.51 करोड़ है। इसके जमा होने पर 3412 रजिस्ट्री हो जाएगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बताया कि अभी 29.86 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा हुए है।

इसमें करीब 600 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। एक मार्च को हम 100 बायर्स की रजिस्ट्री करेंगे। इसके लिए कैंप लगाया जाएगा। बाकी रजिस्ट्री के लिए भी बिल्डर सोसाइटी में कैंप लगाए जाएंगे।

अमिताभ कांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकायादार बिल्डरों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

# अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

## 125 करोड़ रुपए की जमीन को कराया कब्जामुक्त

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक बार फिर यमुना विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला। जेवर के पास दयानतपुर गांव में बुलडोजर चलाकर 125 करोड़ रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण कर दिया गया था, जिसको जेसीबी और बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास किसी भी तरह के अवैध निर्माण पर रोक है, लेकिन उसके बावजूद भी कुछ लोगों के द्वारा जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया गया। दरसअल दयानतपुर स्थित यमुना प्राधिकरण की 60 मीटर रोड तथा यमुना एक्सप्रेस-वे की इंटरचेंज रोड पर अवैध अतिक्रमण किया गया था।

यमुना प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा और जेवर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त दिया गया।

प्राधिकरण की इस कार्रवाई से 60 मीटर रोड के अंतर्गत आ रही लगभग 85000 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग 125 करोड़ रुपए हैं।

# शार्ट न्यूज

## रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने लगाया कैम्प



गौतमबुद्धनगर। रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व् जे पी हॉस्पिटल नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में एक निः शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जाँच शिविर दिनाक 29-2-24 दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला कारागार ग्रेटर नोएडा गौतम बुध नगर में लगाया गया। जिसमें जे पी हॉस्पिटल के डॉक्टर फिजीसियन , गाइनी, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट , कार्डियोलॉजिस्ट के द्वारा लोगो की जाँच की गयी। कैम्प में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर, व् अन्य कई प्रकार की निशुल्क जाँच का भी 135 लोगो ने लाभ उठाया। कैम्प में कपिल शर्मा, मुकुल गोयल, उदित गोयल, व् ज़िला कारागार से जेलर जे पी तिवारी, विवेक शर्मा ओर अन्य स्टाफ उपस्थित रहा ।

## एक्सप्रेस वे पर हादसे में बुजुर्ग की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर मोहियापुर अंडरपास के समीप स्कूटी सवार बुजुर्ग की हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग की स्कूटी में टक्कर मारी थी। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।सेक्टर 142 कोतवाली पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा की एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी में 65 वर्षीय रामगोपाल शर्मा परिवार के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक रामगोपाल शर्मा बुधवार की रात नोएडा की तरफ से स्कूटी पर सवार होकर ग्रेटर नोएडा आ रहे थे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर मोहियापुर अंडर पास के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। रास्ते से गुजर रहे राहगीर ने घायल बुजुर्ग के मोबाइल से उनके परिजनों से बात कर उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गुरुवार को उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के बेटे ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि एक्सप्रेस वे लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## मेवाड़ के 16 विद्यार्थियों को मिला जॉब

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 16 विद्यार्थियों को देश की दो बड़ी कंपनियों ने नौकरी दी है। कंपनियों के विशेषज्ञों ने कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया में अपना कौशल दिखाने वाले विद्यार्थियों का चयन किया है। विद्यार्थियों को नौकरी देने वाली कंपनियों के नाम लर्निंगशाला और इंडोस्टार है। लर्निंगशाला शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। विद्यार्थियों को कहां और किस कॉलेज या यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना है, इसमें मदद करती है। जबकि इंडोस्टार विभिन्न मामलों में लोन मुहैया कराने का काम करती है। प्लेसमेंट हैड हर्षवर्द्धन शर्मा के अनुसार लर्निंगशाला के लिए चुने गये विद्यार्थियों के नाम कल्पना, अंजलि सिंह, प्रणव, प्रियांशु, तुषार, हर्ष व्यास, निशा सिंह, लक्ष्य वर्मा, अनुराग और यश कुमार हैं। इनमें चार विद्यार्थी बीबीए, 5 बीसीए और एक बीकॉम का है। इंडोस्टार कंपनी ने साक्षी त्यागी, अमय कौशिक, अभय सिंह, आयुष्मान श्रीवास्तव, मनजोत सिंह और फैजान आलम को चुना है। इनमें 4 विद्यार्थी बीकॉम तो दो विद्यार्थी बीबीए के हैं। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने बताया कि मेवाड़ विद्यार्थियों को शिक्षित करने के अलावा उन्हें स्वावलम्बी बनाने के लिए भी कृत संकल्पित है।

## मुकदमा निपटाने के बदले मांगे 1.5 करोड़

गाजियाबाद। गाजियाबाद की एक अदालत ने डॉक्टर पिता-पुत्री सहित तीन लोगों पर रंगदारी मांगने में मुकदमा चलाने का पर्याप्त आधार माना है। कोर्ट ने तीनों को समन जारी करते हुए 28 मार्च को पेश होने के लिए कहा है। आरोप है कि इन्होंने दहेज एक्ट के मुकदमे में समझौते के बदले लड़के पक्ष से डेढ़ करोड़ रुपए की डिमांड की थी। नोएडा के रहने वाले डॉक्टर प्रखर गर्ग की शादी 15 जुलाई 2021 को गाजियाबाद में राजनगर निवासी डॉक्टर हेमिका अग्रवाल से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही दंपति में विवाद हो गया और लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष पर दहेज एक्ट का मुकदमा थाना कविनगर में दर्ज करा दिया। डॉक्टर प्रखर का गाजियाबाद व नोएडा में क्लीनिक है। वहीं डॉक्टर हेमिका अग्रवाल और उनके पिता डॉक्टर राकेश चंद्र अग्रवाल भी राजनगर, गाजियाबाद में क्लीनिक चलाते हैं। इसी मुकदमे के सिलसिले में डॉक्टर प्रखर अग्रवाल, उनके पिता प्रदीप गर्ग और मां अंजू गर्ग 26 जनवरी 2024 को थाना कविनगर पर आए थे। आरोप है कि थाने की सर्विस लेन पर डॉक्टर हेमिका अग्रवाल अपनी फैमिली के साथ कार से आईं।

## दरोगा के घर का ताला तोड़कर चोरी

मोदीनगर। नगर की देवेन्द्रपुरी कॉलोनी में अग्निशमन अधिकारी के घर का ताला तोड़कर नकदी व अन्य कीमती सामान ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला मुजफ्फरनगर निवासी अमित कुमार दमकल विभाग में दरोगा पद पर कार्यरत है। इन दिनों उनकी डयूटी मोदीनगर फायर स्टेशन के प्रभारी पद पर कार्यरत है। नगर की देवेन्दपुरी कॉलोनी में किराए पर रहते है। वह अपने मकान का ताला लगाकर अपने गांव चले गए है। सुबह जब वह वापस आए तो मकान का ताला टूटा देखकर हक्के बक्के रह गए। उन्होने बताया कि लोहे का सेफ, इन्ड़क्शन ,बर्तन ,34 हजार रुपए की नकदी व चांदी की मूर्ति चोरी करके ले गए। एसीपी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कस्बा निवाड़ी में देर रात को बदमाशों ने बस स्टैण्ड़ से तीन दुकानों का ताला तोड़कर नकदी व रसोई गैस सिलेण्ड़र चोरी करके ले गए। कस्बा के लोगों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाया है। पीड़ितों ने निवाड़ी थाने में तहरीर दी है।

## प्रदीप हत्याकांड में शामिल सगे भाई गिरफ्तार

मोदीनगर। मोदीनगर के गांव सारा में कार से कुचलकर की गई प्रदीप कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। पुलिस अब तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। बता दे कि गांव सारा में 18 फरवरी की रात को कार हटाने को लेकर विवाद हो गया था। इसमें दंबगों ने डयूटी से आ रहे प्रदीप कुमार नामक युवक की कार से कुचलकर हत्या कर दी। इस मामले में दो नामजद सहित आठ के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी अनमोल व आशीष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने कहा कि पुलिस जांच में हत्या में सगे भाईयों के नाम सामने आए। पुलिस ने सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सोनू व मोनू निवासी गड्ढा कॉलोनी थाना कंकर-खेड़ा जिला मेरठ बताया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि झगड़ा होने पर मारपीट हो गई थी। कार की टक्कर मारकर प्रदीप को जमीन पर गिरा दिया था।

## एक दिन में कोरोना के 8 केस मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक बार फिर कोरोना का ब्रेकआउट हुआ है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 8 नए मरीज सामने आए हैं। गाजियाबाद में अब कुल 18 सक्रिय केस हो गए हैं। इसमें 13 मरीज होम आइसोलेशन में हैं और 5 मरीज अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं। प्रताप विहार निवासी 73 वर्षीय पुरुष की पिछले कुछ दिनों से यशोदा हॉस्पिटल नेहरूनगर में डायलेसिस चल रही है। तीन दिन पहले जब वे डायलेसिस कराने हॉस्पिटल में आए तो कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कैला भट्टा की 63 वर्षीय महिला को 24 फरवरी से खांसी, जुकाम, सिरदर्द और सीने में दर्द की शिकायत थी। उन्हें पहले से शुगर, हाइपरटेंशन और हृदय रोग की भी शिकायत चल रही थी। यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी में परिजन लेकर आए तो उनका कोविड टेस्ट कराया गया, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। विजयनगर के 35 वर्षीय पुरुष को किडनी फेलियर की परेशानी के चलते यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां रूटीन जांच में वे कोरोना संक्रमित पाए गए।

## नोएडा में शहीदों के म्यूरल्स पर लगेगी थीम लाइटिंग

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-15ए के पास डीएनडी फ्लाई ओवर की लूप पर स्कल्पचर लगाए जाए और इन पर लाइटिंग की जाए। इसके अलावा महामाया फ्लाई ओवर के पास रानी लक्ष्मी बाई, भगत सिंह, आदि के म्यूरल्स पर थीम लाइटिंग की जाए। बनारस घाट लूप के पास सदर अली ग्रेनाइट में बने बैलगाड़ी लगवाया जाए। ये निर्देश गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने निरीक्षण के समय दिए। उनके साथ अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी मौजूद रही। सीईओ ने कहा कि सार नाथ स्तूप पार्क में लॉन एरिया में स्तंभ लगाकर लाइटिंग लगवाई जाए। साथ ही यहां बनी वॉटर बाडी की दीवार में लोटस टाइल्स लगवाई जाए। कमांड कंट्रोल एरिया के पास बीओटी एजेंसी के पड़े कबाड़ को हटाकर यहां परगोला लैंप लगाए जाए। वेस्ट ऑफ वंडर के नोएडा में जंगल ट्रैल के कार्य की प्रगति काफी कम मिली। ये पार्क सेक्टर-94 में बनाया जा रहा है। इसे वेस्ट से बनाया जा रहा है। कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। इसके अलावा जिन लोगों या कंपनियों ने रखरखाव के लिए एडॉप्शन पर कार्य लिया और ठीक ढंग से काम नहीं कर रहे। उन सभी को नोटिस जारी किया जाए। इसके अलावा एक्सप्रेस वे पर लगे म्यूरल्स का भी निरीक्षण किया गया।

## बिना लाइसेंस शराब बेचते पकड़ा

नोएडा। फेज-1 थाना पुलिस ने बिना लाइसेंस के अंग्रेजी शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने दो पेटी अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम बुधवार सुबह 9 बजे के करीब सेक्टर पांच में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हरौला सामुदायिक केंद्र के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके से पहुंची पुलिस की टीम ने आरोपी दशरथ लाल निवासी दिल्ली के बदरपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

# नोएडा में बनाएंगे 9 बिजली सबस्टेशन

## 5 के लिए टेंडर जारी, 51 करोड़ होंगे खर्च, बिजली सप्लाई सुधरेगी

नोएडा। नोएडा वासियों को निर्बाध आपूर्ति के लिए प्राधिकरण द्वारा नए सेक्टर में पांच बिजली के सब स्टेशन बनाए जाएंगे। इसकी ई-निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। 51 करोड़ रुपए लागत से पांचों बिजली सब स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही चार नए सेक्टरों में भी चार बिजली सब स्टेशन बनाए जाएंगे।



अधिकारियों के अनुसार शहर में नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों में निर्बाध रूप से बिजली की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए यूपीपीसीएल विभाग के द्वारा लगातार स्टेशन स्थापित करने की मांग की जा रही है। इस क्रम में शहर के सेक्टर-151, 155, 156, 162 और सेक्टर-164 में 33/11 केवी के विद्युत सब स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा में सबसे कम कीमत लगाने वाली कंपनी को निर्माण के लिए चुना जाएगा।

इन पांच सबस्टेशन के लिए करीब 51 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-45, 75,78 और 145 में भी 33/11 केवी के विद्युत सब स्टेशन स्थापित किए जाने के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। ये सभी सब स्टेशन 33/11 केवी क्षमता के बनाए जाएंगे, जिससे सेक्टरों में निर्बाध सप्लाई की सप्लाई की जा सकेगी। साथ ही ओवरलोड और वॉल्टेज की समस्या नहीं होगी।

# हर्ष फायरिंग के दौरान युवक को लगी गोली, घायल

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली रबुपूरा के खेरली गांव चल रहे विवाह समारोह में उस समय रंग में भंग पड़ गया। जब लड़की के चचेरे भाई ने हर्ष फायरिंग करते हुए दनादन गोलियां दागनी शुरू कर दी। हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली बारात में आए एक युवक को लग गई। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। फायरिंग कर रहे युवक की तलाश कर रही है।



हर्ष फायरिंग में युवक के घायल होने ने बाद विवाह स्थल पर पसरा हुआ सन्नाटा और जांच करते हुए पुलिस अधिकारी हर्ष फायरिंग की सूचना मिलते एडीसीपी स्वयं मौके पर पहुंचे और मामले की जांच कर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की बात कही। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि प्रारम्भिक जांच से पता चला है कि थाना रबूपुरा के खेरली गांव में एक बारात आई थी। जिसमें अट्टा के रहने वाले जीशान भी बारात में आया हुआ था। विवाह समारोह के दौरान लड़की वालों की तरफ से आए लड़की के चचेरे भाई के द्वारा जो हर्ष फायरिंग की गई थी। फायरिंग के दौरान एक गोली जीशान लग गई उसे को तत्काल यर्थात हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहां पर उसका उपचार चल रहा है। परिजनों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## पंखे से लटक कर युवक ने की खुदकुशी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के जलपुरा गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के समय युवक घर में अकेला था। मृतक की पत्नी घर पहुंची तो पति को फंदे से लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ईकोटेक-तीन कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरुप से हरदोई का रहने वाला राजकुमार जलपुरा गांव में पत्नी के साथ किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस के मुताबिक राजकुमार ने बुद्धवार को अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी पत्नी किसी काम से बाहर गई थी।

## फिनटेक सिटी की सलाहकार कंपनी का चयन

**ग्रेटर नोएडा।** यीडा सिटी के सेक्टर-13 में बसाई जाने वाली फिनटेक सिटी की स्टडी और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया तैयार करेगी। चयनित कंपनी को 45 दिनों में डीपीआर सौंपनी होगी। इस पर करीब 1.12 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बाद विकासकर्ता कंपनी का चयन किया जाएगा। फिनटेक सिटी को सिंगापुर और दुबई की तर्ज पर विकसित किया जाना है। यीडा सिटी के सेक्टर- 13 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 250 एकड़ में फिनटेक सिटी बसाने की तैयारी है। प्रथम चरण में 100 एकड़ में सिटी विकसित होगी। इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन करने के लिए निकाली गई आरएफपी (रिक्यूस्ट फॉर प्रपोजल) में सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड, ट्रैक्टेवल इंजीनियरिंग प्राइवेट, जोन्स लैंग लासले प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया, वायंट्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड आगे आई थीं। तकनीकी बिड के बाद बुधवार को आर्थिक बिड खोली गई। सबसे कम बोली लगाकर कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया ने बाजी मार ली है। डीपीआर में फिनटेक सिटी के मॉडल, सुविधाएं समेत अन्य जानकारियां होंगी। डीपीआर तैयार होने के बाद प्राधिकरण आगे की कार्रवाई शुरू करेगा। उत्तरी भारत की पहली फिनटेक सिटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए यीडा सिटी के सेक्टर- 13 में 250 एकड़ जमीन आरक्षित कर दी गई है।

# अवैध निर्माण करने वाले पांच के खिलाफ केस दर्ज

ग्रेटर नोएडा। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र की अधिसूचित भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण करने वाले पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सेक्टर 142 थाना पुलिस वाली जानकारी के मुताबिक प्राधिकरण के वर्क सर्कल 9 के अवर अभियंता ने बताया कि मोहियापुर गांव का खसरा संख्या 185 म प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि है। इस भूमि पर गांव के पांच लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण के भूलेख विभाग और वर्क सर्कल द्वारा अवैध निर्माण का विरोध किया गया, लेकिन उसके बावजूद भी निर्माण कार्य नहीं बंद किया गया। आरोपियों द्वारा जबरन भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। अवर अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने ग्रामीण टीकम, चरण सिंह, रवि, अजब और देवेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# यश हत्याकांड में फरार आरोपी की तलाश के लिए तीन टीमें गठित

**ग्रेटर नोएडा।** गजरौला निवासी बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र यश मित्तल (22) की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी गजरौला के शुभम चौधरी की तलाश के लिए एसओजी सहित तीन टीमों का गठन किया है। इस मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपियों ने यश के पिता से छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी।

गजरौला की टीचर्स कॉलोनी निवासी व्यापारी प्रदीप कुमार मित्तल का इकलौता बेटा यश दादरी के बैनेट यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। गजरौला निवासी उसके दोस्तों ने उसे 26 फरवरी को पार्टी करने के लिए विवि के बाहर कार में बैठाया। सभी ने गजरौला ले जाकर पार्टी की थी।

उसी दौरान झगड़ा होने के बाद आरोपियों ने यश की हत्या कर शव रचित नागर के खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया।

बाद में आरोपियों ने यश के मोबाइल नंबर से पिता से छह करोड़ की फिरौती मांगी।

फिरौती के लिए इस्तेमाल किए मोबाइल का आईएमईआई नंबर को ट्रेस कर पुलिस गजरौला के मोहल्ला तिगरिया निवासी रचित नागर तक पहुंची।

उससे पूछताछ के बाद हत्याकांड का खुलासा हो गया। बुधवार को पुलिस ने रचित की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया। साथ ही गजरौला के गांव सेंध नगली निवासी सुमित, शिवम और लक्ष्मी नगर निवासी सुशांत को बुधवार रात सेक्टर- ज्यू-1 के डाढ़ा चौक के पास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मामले में फरार आरोपी शुभम चौधरी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं।

### विश्वविद्याल परिसर से यश के बाहर जाते तीन वीडियो वायरल

हत्याकांड का खुलासा होने के बाद दूसरे दिन यश के तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। तीनों वीडियो में वह बैनेट यूनिवर्सिटी के गेट से निकलकर कार में बैठकर जाता दिख रहा है। इनमें 17 सेकेंड के वीडियो में शाम 6.30 बजे यश यूनिवर्सिटी परिसर से मुख्य गेट की ओर जाता दिख रहा है। वहीं 49 सेकेंड के वीडियो में गेट से बाहर मुख्य सड़क पर जाते देखा जा सकता है। जबकि 52 सेकेंड के तीसरे वीडियो में वह डिवाइडर के पास रूकी कार में बैठकर जाता दिख रहा है। पुलिस का दावा है कि वीडियो में दिख रही कार आरोपियों की है।

# प्राधिकरण की टीम से किसानों की नोकझोंक

## सोरखा गांव में पैमाइश करने गई थी टीम, विरोध के बाद अधिकारी वापस लौटे

**नोएडा।** सेक्टर 79 स्थित सोरखा गांव में गुरुवार को पैमाइश के लिए पहुंची प्राधिकरण की टीम के साथ किसान नेताओं की नोकझोंक हुई। किसानों के विरोध के चलते प्राधिकरण की टीम को बिना पैमाइश के लौटना पड़ा। यहां हुए हंगामे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल गया। किसान मूलचंद का आरोप है कि गुरुवार को एक बिल्डर के दबाव में प्राधिकरण की टीम उनके खेत में पैमाइश के लिए पहुंच गई। बिल्डर की जमीन खेत में बताने लगे।



इस जमीन का न तो मुआवजा उठाया है और न ही बेची है। उन्होंने प्राधिकरण की टीम का विरोध किया और इसकी सूचना भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा को दे दी। सुखवीर ख़लीफ़ा समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए। यहां पर उनकी प्राधिकरण की टीम के अधिकारियों के साथ तीखी नोंक-झोंक भी हुई। उन्होंने प्राधिकरण की टीम पर गंभीर आरोप लगाए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

किसानों के विरोध के चलते प्राधिकरण की टीम बैरंग लौट गई। किसान नेता सुखवीर ख़लीफ़ा का कहना है कि प्राधिकरण के कुछ कर्मियों के द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है।

वह किसानों की जमीन की नपाई के नाम पर भयभीत करते हैं। उन्होंने इसकी शिकायत प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों से कर कार्रवाई की मांग की है।

जबकि प्राधिकरण का कहना है कि वह एक बिल्डर की जमीन की नपाई करने के लिए गये थे, किसानों ने गलत तरीके से उनका विरोध करते हुए अभद्रता की है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

## बिना लाइसेंस शराब बेचते पकड़ा

नोएडा। फेज-1 थाना पुलिस ने बिना लाइसेंस के अंग्रेजी शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने दो पेटी अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम बुधवार सुबह 9 बजे के करीब सेक्टर पांच में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हरौला सामुदायिक केंद्र के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके से पहुंची पुलिस की टीम ने आरोपी दशरथ लाल निवासी दिल्ली के बदरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले कई महीने से सेक्टर-8 के जेजे कॉलोनी में रहकर शराब की तस्करी कर रहा है। तलाशी में युवक के पास से 2 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसमें 96 बोतल शराब रखी थी। पुलिस के अनुसार दशरथ दिल्ली से शराब लाकर महंगे दामों में नोएडा में बेचा करता था।

# सांपों के जहर की पुष्टि के बाद भी एल्विश से नहीं हुई पूछताछ

**नोएडा।** रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में आरोपी बिग बॉस विजेता यू-ट्यूबर एल्विश यादव की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उससे दोबारा पूछताछ भी नहीं की गई है। जबकि सांपों के जहर की पॉजिटिव रिपोर्ट लैब से आ गई है। वहीं एल्विश यादव खुलेआम घूम रहा है और यू-ट्यूब पर लगातार वीडियो डालकर चर्चा में बना हुआ है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच व साक्ष्य संकलन की बात कह रही है।रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में आरोपी बिग बॉस विजेता एल्विश के खिलाफ एक नवंबर 2023 को कोतवाली सेक्टर-49 में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें एल्विश के अलावा संपेरे भी शामिल थे। संपेरों से सांप के जहर भी बरामद किए गए थे। एल्विश यादव का नाम सांपों के जहर की सप्लाई में आने के बाद मामला हाईप्रोफाइल बन गया था और मामला सुर्खियों में था। इसके बाद पुलिस ने उसे नोटिस भेजा था। आधी रात को एल्विश कोतवाली सेक्टर-20 पहुंचा था। वहां उससे पुलिस की टीम ने पूछताछ की थी। अब दो हफ्ते पहले लैब से सांपों के जहर बरामद होने की पुष्टि हो गई। मामले में एल्विश से दोबारा पूछताछ की बात कही गई थी लेकिन अब तक दोबारा उससे पूछताछ नहीं की गई। वहीं इस मामले में गिरफ्तार संपेरों व अन्य को कोर्ट से जमानत भी मिल गई है। अब इस मामले में 100 से अधिक दिन हो गए लेकिन पुलिस इस मामले में चुप्पी साधकर बैठी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक इस मामले में चार्जशीट भी दाखिल नहीं हुई है। नोएडा पुलिस ने जिन सपेरों को नौ सांपों के साथ गिरफ्तार किया था। इनके पास सांप दिखने का कोई लाइसेंस भी नहीं मिला है।

# कानपुर में 2 नाबालिग बहनों के शव लटके मिले

## परिजन बोले- जबरन शराब पिलाई, अश्लील वीडियो बनाकर गैंगरेप किया; विरोध करने पर परिवार को पीटा

कानपुर। कानपुर के घाटमपुर में दो नाबालिग बहनों के शव बुधवार रात पेड़ से फंदे पर लटके हुए मिले। शाम को दोनों बहनें लापता हो गईं। रात को परिवार के लोग तलाश करते हुए खेतों पर पहुंचे। वहां पेड़ से फंदे पर लटकती दोनों की लाश मिली। खेत से करीब 300 मीटर की दूरी पर स्थित भट्ठा पर इनमें से एक लड़की के पिता मजदूरी करते हैं।

परिवार के लोगों ने भट्ठा ठेकेदार समेत 3 लोगों पर रेप के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए घाटमपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस ने ठेकेदार समेत 3 लोगों को पकड़ लिया है। ठेकेदार के मोबाइल से कुछ अश्लील वीडियो भी मिले हैं। जिसमें दोनों बहने दिख रही हैं।

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भट्ठा, खेत और आसपास इलाके में पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने छानबीन करके साक्ष्य जुटाए। पूरा मामला घाटमपुर के बरौली इलाके का है।

### खेलने निकली, फिर किसी ने नहीं देखा

दोनों लड़कियां रिश्ते में बहनें थीं। दोनों के परिवार मूलरूप से हमीरपुर के रहने वाले हैं। वो घाटमपुर के बरौली में एलआईसीभट्ठा पर मजदूरी करते थे। एक बहन 16 साल की, जबकि दूसरी की उम्र 14 साल थी।

परिजनों के मुताबिक, दोनों एक साथ रहा करती थीं। बुधवार शाम को दोनों घर के बाहर निकली थीं। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चला।

एक लड़की के पिता भट्ठा पर काम करते थे। इसलिए उन्हें ढूंढते हुए परिवार के लोग भट्ठा की तरफ पहुंचे।

### अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग के सबूत

परिवार के लोगों ने आरोप लगाए कि ठेकेदार ने उनकी बच्चियों के नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिए थे। ये फुटेज दिखाकर दोनों को ब्लैकमेल किया जा रहा था। उनका यौन उत्पीड़न किया जा रहा था। पुलिस ने जब ठेकेदार को पकड़कर उसका मोबाइल जांचा, तो उसमें कुछ अश्लील क्लिपिंग भी मिली है। इनमें लड़कियां दिख रही हैं। ये वीडियो कितने पुराने हैं। यह जांचने के लिए फोरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है।

### कपड़े और शरीर पर लगी मिट्टी के सैंपल लिए

खेत और भट्ठा पर फॉरेंसिक टीम ने करीब 2 घंटे तक साक्ष्य जुटाए। लड़कियों के कपड़े और उनके शरीर पर लगी मिट्टी के सैंपल लिए गए हैं। डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर 3 लोगों के खिलाफ रेप के बाद हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने गैंगरेप और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराएं लगाईं हैं।

रात में करीब 12 बजे यहां खेत में बेर के पेड़ पर दोनों के शव लटके दिखे। शव देखकर वहां हड़कंप मच गया। परिवार ने दोनों को नीचे उतारा। पुलिस को सूचना दी। करीब 12.30 बजे डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार, घाटमपुर थाना प्रभारी, फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची।

# अयोध्या के युवक की सुलतानपुर में मौत : स्कार्पियो में मिला शव

## भाई ने हत्या की जताई आशंका, पुलिस मान रही हादसा

सुलतानपुर। अयोध्या जिले के युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हुई है। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। हालांकि, हलियापुर पुलिस इसे दुर्घटना बता रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही अब मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

अयोध्या जिले के रौनाही थाना अंतर्गत नेवादा सोहावल निवासी अरुण कुमार तिवारी (40) पुत्र स्व. लल्लन तिवारी ददन नाम के एक व्यक्ति के साथ बीती रात निमंत्रण के लिए स्कार्पियो गाड़ी से निकले थे। हलियापुर थानाक्षेत्र के जरई मोड़ के पास आगे-आगे एक तेज रफ्तार ट्रक के पीछे स्कार्पियो गाड़ी भी जा रही थी।

बताया जा रहा है यहां से करीब दो किमी आगे खंडसा सराय बग्घा के निकट बाग के पास राहुल की स्कार्पियो पाई गई। इसमें अरुण तिवारी का शव पड़ा था व साथी लापता था। स्थानीय लोगों की मानें तो वहां पर मारपीट भी हुई थी।

### सोशल मीडिया से मिली सूचना

स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिस पर थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा मौके पर पहुंची। अरुण को लेकर सीएचसी पिठला लेकर पहुंची, जहां से डॉक्टर ने उन्हें अयोध्या रेफर किया।

अयोध्या में डॉक्टर ने अरुण को मृत घोषित कर दिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में अरुण के भाई अनिल को सोशल मीडिया से भाई की मौत की खबर मिली तो वह हलियापुर थाने पहुंचे। पीड़ित अनिल ने बताया कि हमारे भाई की हत्या की गई है, लेकिन पुलिस ने हमसे दुर्घटना की तहरीर लिखाई है।

## सात मार्च को ऊर्जा मंत्री से मिलेंगे बिजलीकर्मी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि पिछले साल मार्च में सांकेतिक आन्दोलन के दौरान बिजलीकर्मियों पर की गयी उत्पीड़नात्मक कार्यवाही ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बावजूद वापस न लिये जाने से कर्मचारी आक्रोशित हैं और वह इस सिलसिले में सात मार्च को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मिलेंगे। संघर्ष समिति ने इस बावत शर्मा को आज प्रेषित एक पत्र के माध्यम से यह मांग की है कि वे प्रभावी हस्तक्षेप करें जिससे उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके एवं समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियाँ वापस हो सके। प्रेषित पत्र में ऊर्जा मंत्री को याद दिलाया गया है कि उनके द्वारा 19 मार्च 2023 को जल निगम के फील्ड हॉस्टल संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और ट्वीट कर उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस लेने की घोषणा की गयी थी जिसके बाद ही संघर्ष समिति ने समय पूर्व हड़ताल वापस ली थी। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली कर्मी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश की बिजली व्यवस्था के सुधार में निरन्तर प्रयासरत है। ऐसे में ऊर्जा मंत्री को अपने द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करना चाहिए जिससे कि बिजलीकर्मी पूरी निष्ठा से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के कार्यों में जुटे रह सके।

# लखनऊ के अकबरनगर में अवैध निर्माण तोड़ने पर रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने जगह खाली करने के लिए 4 मार्च का समय दिया

लखनऊ। लखनऊ के अकबर नगर में बुधवार रात से अवैध दुकानें पर चल रहे बुलडोजर पर रोक लग गई है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका कर्ता को 4 मार्च तक जगह खाली करने का समय दिया है। जिसके बाद अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगा दी गई।



दरअसल, मंगलवार सुबह चार बजे तक अभियान चलाने के बाद भी कई दुकानों को पूरी तरह से समतल नहीं किया जा सका था। दुकानों में बने बेसमेंट की वजह से परेशानी बढ़ी थी। ऐसे में पहले उनको मलबे से भरा गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान 70 डंपर मिट्टी और अन्य मलबा मंगाया गया था। दिन में यहां आवाजाही के लिए ट्रैफिक संचालन शुरू कर दिया गया था। ऐसे में रात को बैरिकेडिंग कर कार्रवाई शुरू कर गई।

### नगर निगम को मिली 100 करोड़ की जमीन

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ग्राम महानगर रहीमनगर की खसरा संख्या-746 क्षेत्रफल 0.696, खसरा संख्या-739 क्षेत्रफल 0.215 व खसर संख्या-777 क्षेत्रफल 0.556 हे. जो राजस्व अभिलेखों में नगर निगम की संपत्ति है। यहां अवैध तरीके से 5087 वर्गमीटर में दुकानें बना ली गई थी।

दुकानें मुख्य मार्ग के दोनों तरफ थी। अब यह जमीन नगर निगम को मिल गई है। मौजूदा समय इसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा है।

बुधवार रात को भी कार्रवाई पूरी होने तक नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी पूरी टीम के साथ डटे रहे।

# बलिया में ट्रक-बाइक की भिड़ंत...दो लोगो की मौत

## एक ही बाइक पर दो युवक- दो युवतियां सवार थे, कंट्रोल खो दिया; सीधे ट्रक से टकराए, पहियों के बीच फंसे और मौत

बांसडीह, बलिया। बलिया में गुरूवार सुबह ट्रक और बाइक की टक्कर में एक छात्रा और एक युवक की मौत हो गई है। एक ही बाइक पर चार लोग सवार थे, जिनमें से दो की मौत हो गई है और दो ही हालत गंभीर हैं। घायलों को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार एक ही बाइक




पर दो युवक और दो लड़कियां सवार थे। युवक अपनी बाइक पर हाईस्कूल की छात्रा मंशा और उसकी बहन मानषी को लेकर परीक्षा दिलाने गया था और वहीं से लौट रहा था। रास्ते में एक और दोस्त अभिजीत मिल गया और वह भी बाइक पर बैठ गया। आगे जाने पर सामने से आ रही बालू लदी ट्रक से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में ट्रक भी वहीं सड़क किनारे फंस गया है और ट्रक चालक मौके से फरार है। हादसा की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निकाल कर PHC भेजा। जहां घायलों की स्थिति गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## महराजगंज में सड़क हादसे में तीन की मौत

महराजगंज (रायबरेली)। महराजगंज में कल देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। बीती रात बारात से वापस आते समय चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 6 लोगों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में एक बारात अमेठी जिले के मिश्रौली पहुंची थी। बारात में बारातियों का स्वागत सत्कार किया गया। वहीं रात्रि में बारात के सारे कार्य निपटा कर एक्सयूवी गाड़ी से संतोष कुमार उर्फ अन्ना 6 लोगों के साथ अपने निवास स्थान गांव पहाड़पुर के लिए जा रहे थे। रास्ते में गौरीगंज के पास टोल टैक्स से 500 मीटर आगे अमेठी जनपद के टिकरिया सीमेंट फैक्ट्री के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकरा गई। कार में सवार 6 लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में संतोष कुमार (47), आलोक कुमार सिंह (43) और एक रिश्तेदार की लड़की की मौत हो गई।

## जिले की दस ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**

सीतापुर। बधाई हो, जिले की 10 ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने से इन्हें टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन सभी ग्राम पंचायतों को जिलाधिकारी द्वारा आगामी विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर प्रमाण-पत्र जारी कर बाकायदा टीबी मुक्त होने की विधिवत घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2025 तक देश को टीबी रोग से मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया, जिसके तहत इन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि पंचायतों की टीबी मुक्ति की घोषणा से पहले कई मानकों की जांच की गई। इस क्रम में प्रति हजार आबादी पर तीस सम्भावित टीबी मरीजों की जांच, प्रति एक हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज का पंजीकरण होने पर, कम से कम साठ फीसद मरीजों की ड्रग सेंस्टिवटी की जांच हो चुकी हो, पिछले वर्ष पंजीकृत कुल टीबी मरीजों में से पचासी फीसद मरीज ठीक हो चुके हों, जैसे मानकों की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ,आशा कार्यकर्ता और एनटीईपी के सदस्यों के प्रयासों से ही हम इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# फर्जी मुकदमें दर्ज कर हमारी आवाज को दबाया नहीं जा सकता

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में आज शहीद पार्क सीतापुर में इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी सीतापुर को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में किसानों के प्रति अपनाया जा रहा हिटलर शाही रवैया तानाशाही का प्रतीक है।

हम इसकी भर्त्सना करते हुए चेतावनी देते हैं कि फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं अन्यथा की स्थिति में हम सभी एकजुट होकर सड़कों पर संघर्ष के लिए बाध्य होंगे।




किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि यह कैसा दुर्भाग्य है कि सच के लिए अपनी बात उठाने पर मुकदमें पंजीकृत किए जा रहे हैं।

केन्द्र व प्रदेश सरकारें दिल्ली बार्डर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर किसानों पर आंसु गैस के साथ लाठियां भांज रहीं हैं।सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह ने सभी किसानों से एकजुट होकर अपने हकों के लिए संघर्ष का आवाहन किया।

किसान मंच महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि इस तरह के फर्जी मुकदमें दर्ज कर हमारी आवाज को दबाने का जो प्रयास भारतीय जनता पार्टी कर रही है,उसे भविष्य के लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम भुगतना होगा।

जिला पंचायत सदस्य कामरेड अर्जुन लाल ने कहा कि पूर्व में हम सभी द्वारा की गई गलतियों के परिणाम स्वरूप चुनी गई भाजपा सरू लोकतंत्र की हत्या कर रही है।मैं जनता जनार्दन से सचेत रहकर लोकतंत्र को बचाने का निवेदन करता हूं।

ज्ञापन देने वालों में दिव्य सिंह,राम चन्द्र मौर्य,विजय कुमार सिंह,हसीना खातून, आनन्द सिंह,तनवीर सिंह,राम सनेही वर्मा, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, नफीस गाजी ,जमील खां,अनवर सिद्दीकी,एवन सिंह, सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# उत्तरप्रदेश बोर्ड इंटर के दो पेपर लीक

## व्हॉट्सएप पर जीव विज्ञान और गणित का पेपर मिला; परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे बाद हुआ वायरल

**आगरा।** यूपी बोर्ड इंटर के जीव विज्ञान और गणित का पेपर वॉट्सऐप ग्रुप पर लीक हो गया। परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे बाद ही दोनों पेपर वॉट्सऐप ग्रुप में डाले गए। लोगों ने पेपर लीक होने के कमेंट किए तो पेपर को डिलीट कर दिया गया। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी अब जांच की बात कह रहे हैं। गुरुवार को सेकेंड शिफ्ट में इंटरमीडिएट के जीव विज्ञान और गणित की परीक्षा चल रही है। सेकेंड शिफ्ट की परीक्षा 2 बजे शुरू हुई। करीब तीन बजे ऑल प्रिंसिपल आगरा ग्रुप पर विनय चौधरी (मोबाइल नंबर 9897525748) ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर ग्रुप में किया। जीव विज्ञान के पेपर का कोड 368 जीएल और सीरियल 153 है। पेपर के सभी पन्नों को ग्रुप में डाला गया। इसके अलावा गणित के पेपर का कोड 324 एफसी है।

### पेपर किस केंद्र का जांच कर रहे- परीक्षा पर्यवेक्षक

शासन ने बोर्ड परीक्षा में सख्ती और सीसीटीवी से निगरानी की बात कही है। मगर, इसके बाद भी नकल माफिया सक्रिय है। केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती के बाद भी परीक्षा केंद्र से पेपर बाहर कैसे आ गया। इस मामले में जेडी आरपी शर्मा ने जानकारी नहीं होने और जांच कराने की बात कही है। वहीं परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल का कहना है कि सोशल मीडिया पर कुछ पेपर के फोटो वायरल हुए। मामले की जांच की जा रही है। यूपी बोर्ड को इससे अवगत कराया जाएगा। प्राथमिक तौर पर कई केंद्र पर इस पेपर को दिखाया गया है, लेकिन इस सीरीज का पेपर वहां नहीं मिला है। जांच की जा रही है कि ये पेपर किस केंद्र का है।

## ट्रेन की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत

प्रयागराज। यमुना नगर के करछना थाना क्षेत्र के पचदेवरा में रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से कटकर दो सगे भाइयों की मौत हो गई। मांजू भूरिया (38) और उसका भाई रामसु भूरिया (26) बाजार किसी काम से निकले थे। वापस लौटते वक्त दोनों रेलवे लाइन पार कर जाने लगे तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। दोनों भाइयों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दोनों मध्य प्रदेश के झाबुआ के रहने वाले थे। मजदूरी करने के लिए प्रयागराज आए हुए थे। परिवार के अन्य लोग भी साथ काम करते हैं। पूरा परिवार पचदेवरा में ही किराए के मकान में रह रहा था। पचदेवरा में रेलवे की ओर से तीसरी लाइन बिछाने का काम चल रहा है।

# मिर्जापुर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लाठीचार्ज में घायल

मिर्जापुर। सत्तासीन सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करने लखनऊ पहुंचे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया।

पुलिस की पिटाई में मिर्जापुर के यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशु पांडेय, इविवि के एडीसी से छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष आदर्श कुमार पांडेय समेत तमाम कार्यकर्ता घायल हो गए। जिनका प्रयागराज के अस्पताल में इलाज कराया गया। पुलिस के बर्बर कृत्य की निंदा करते हुए अंशु ने कहा कि जिस प्रकार से पुलिस ने हजारों युवाओं पर प्रहार किया हैं। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम हैं। कहा कि पिटाई से मचे भगदड़ में लोगों की घड़ी, मोबाइल तक गुम हो गई। कहा कि नौकरी और भर्ती के नाम पर युवाओं के साथ खेल किया जा रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के आवाह्न पर यूथ कांग्रेस के यूपी कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे थे। योगी सरकार में भर्ती परीक्षा पेपर लीक, युवाओं पर हो रहे अत्याचार, बेहताशा बढ़ती जा रही बेरोजगारी के विरोध में मुख्यमंत्री आवास घेराव करने पहुंचे थे।

## आजमगढ़ में शादी का झांसा देकर रेप


**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाने की पुलिस ने शादी का झांसा देकर रेप करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि अभियुक्त चंदन ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर रेप की घटना को अंजाम दिया है। इसके साथ ही अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर पीड़िता का गर्भपात करने के लिए दबाव भी बनाया था। इसके साथ ही आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी पुलिस की इस विवेचना में तीन आरोपियों का नाम सामने आया। जिसमें दो आरोपियों के विरुद्ध इस साजिश में शामिल होने का आरोप है। इन आरोपियों में चंदन कुमार माधुरी और रोशन प्रमुख है। इस मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर जावेद अख्तर ने बताया कि थाने पर दर्ज मुकदमे के तहत घटना में शामिल तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

## मैनपुरी में भाभी को जिंदा जलाने वाली ननद को उम्रकैद

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की एक अदालत ने गुरुवार को दहेज के लिये भाभी को ज़िंदा जलाने वाली ननद को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अभियोजन पक्ष के अनुसार 14 अगस्त 2014 को दहेज में बाइक और भैंस की मांग पूरी न होने पर बेबर थाना के गांव कौआटांडा में रश्मि पत्नी मनीष को उसके जेठ,ननद राधा पत्नी योगेंद्र निवासी एटा ने जिंदा जला दिया था।

# कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन हुआ सम्पन्न

सीतापुर। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम 2023-24 के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय जायद कृषक गोष्ठी कृषि विभाग सीतापुर की तरफ से आयोजन जिले के कसमण्डा ब्लॉक सभागार में बुधवार को सहायक विकास अधिकारी कृषि रामवीर



सारस्वत की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव भाषण एलसीडी स्क्रीन पर उपस्थित किसानों को दिखाया गया। इस अवसर पर बीटीएम मनोज कुमार,गोदाम प्रभारी कसमण्डा मथुरा प्रसाद, पीपीएस रंजीत कुमार, टी ए हरिशंकर वर्मा, टी ए अनुपम शुक्ला,टी ए मोहित तिवारी तथा लगभग आधा सैकड़ा क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने दो वांछित दबोचे



ललितपुर। बालाबेहट,पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बालाबेहट पुलिस द्वारा दिनांक 29.02.2024 को थाना हाजा के मु0अ0सं0 11/2024 धारा 9/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 से सम्बन्धित 02 नफर वाँछित अभियुक्त कल्याण यादव पुत्र बाबूलाल उम्र करीब 36वर्ष नि0ग्रा0 डारा थाना बालाबेहट थाना अवरार उर्फ सोनू पुत्र वाहिद उम्र 32वर्ष नि0 कस्वा व थाना बालाबेहट को मुखविर की सूचना पर गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष बालाबेहट राजपाल सिंह उ0नि0 भूपेन्द्र हे0का0 शैलेन्द्र सिंह का0 उमेश कुमार आदि शामिल रहे।

## सीएम ने नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र के प्रशासनिक भवन का किया वर्चुअल लोकार्पण

ललितपुर । लोकभवन सभागार लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा प्रदेश में पुलिस बल को बेहतर व सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जनपद ललितपुर में अग्निशमन केन्द्र के नवनिर्मित थाना प्रशासनिक भवन का लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस क्रार्यक्रम में मा0 राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0 प्र0 सरकार मनोहर लाल पंथ, रामरतन कुशवाहा मा0 विधायक सदर, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य चिकित्साधिकारी इम्त्याज अहमद, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मतलूब हुसैन, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य/ सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे ।

## फोर्स के ठहरने के स्थानों का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** झांसी,पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी कलानिधि नैथानी द्वारा द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जालौन पुलिस के बाहरी पुलिस बल के रुकने के स्थलों की तैयारी का किया निरीक्षण। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल फोर्स के ठहरने के स्थानों का चिन्हीकरण कर मूलभूति सुविधाओं को दुरूस्त कराने के दिये निर्देश।

## डीआईजी ने कार्यालय में की जनसुनवाई



ललितपुर । झांसी डीआईजी ने अपने कार्यालय पर नियमित जनसुनवाई की गई। तथा सम्बन्धित जनपदों को उचित निर्देश दिए गए। इस दौरान कार्यालय पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी कलानिधि नैथानी द्वारा गंभीरता से सुना गया। तथा उनकी समस्याओं को समय वृद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। और कहा गया की तत्काल लोगों की समस्याओं का संबंधित अधिकारी निस्तारण करें। परिक्षेत्रीय कार्यालय पर आए हुए समस्त फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही/निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## पॉलिथीन को भगाए कपड़े के थैले साथ लाए

सीतापुर। विधायक डॉ0राजेश्वर सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए तारा शक्ति सिलाई केन्द्र द्वारा सिले गए कपड़े के थैलों को के. के.सी कॉलेज से आए बच्चे जो वालंटियर के तौर पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आए मौजूद थे उन्हें देकर पॉलिथीन इस्तेमाल न करने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षिका एवं समाजसेविका रीना त्रिपाठी ने थैले वितरित कर सभी से पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की अपील की ताकि दैनिक दिनचर्या में हम पॉलिथीन का काम से कम इस्तेमाल करें और अपने पर्यावरण की रक्षा कर सकें। समाजसेवी रीना त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण प्रदूषण का एक बहुत बड़ा कारण पॉलिथीन की थैलियां है जिन्हें हम अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाजार से खरीदते हैं कभी सब्जी तो कभी चिप्स और बिस्किट के रैपर के रूप में यदि हम एक कपड़े का थैला अपने साथ लेकर के चलें तो पॉलिथीन को लेने की आदत स्वत-ही छूट जाएगी। साथ ही प्रदूषण के खतरे से स्वत-मुक्ति मिल जाएगी।

## सड़क सुरक्षा समिति की संपन्न हुई बैठक

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**



सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा के उपायों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाये तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लखनऊ सीतापुर मार्ग पर बिजवार क्रासिंग ओवरब्रिज से पूर्व संकेतक स्थापित कराया जाये, जिससे वाहन चालकों को मार्ग की सही जानकारी मिल सके। चिन्हित ब्लैक स्पाट पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालयों में विद्यालययान सुरक्षा समितियों की बैठकें समय से आयोजित करायी जायें।

## मेरठ में स्क्रैप कारोबारी का शव मिला

**मेरठ।** मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में एक स्क्रैप कारोबारी का शव मिला है। कारोबारी मेरठ के सदर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। कारोबारी की स्कूटी हापुड़ में मिली है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरीशंकर मिश्रा 25 फरवरी को घर से लापता हुआ था। उसकी सदर थाने में गुमशुदगी दर्ज है। उसके बेटे सनी मिश्रा ने सदर बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता गौरीशंकर मिश्रा स्कूटी से घर से निकले थे। इसके बाद वापस नहीं लौटे। बेटे ने पुलिस को बताया कि गौरीशंकर के पास दो मोबाइल सेट थे। जिन्हें वो लेकर गए थे। जब शाम तक भी वो घर नहीं लौटे तो घरवालों को चिंता हुई। उनका मोबाइल फोन एक बंद था और एक उठ नहीं रहा था। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत की थी।

## पोप फांसिस को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अस्पताल लाया गया

वेटिकन सिटी । पोप फांसिस अपने स्वास्थ्य में सुधार के बाद साप्ताहिक सार्वजनिक प्रार्थना में पहुंचे जिसके बाद उन्हें स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रोम के अस्पताल लाया गया। वेटिकन ने इसकी जानकारी दी। पोप एक छोटी सफेद कार में तिबर द्वीप पर जेमेली अस्पताल पहुंचे जहां से वह फिर वापस चले गए। पिछले सप्ताह फ्लू के लक्षणों के बाद पोप के सभी कार्यक्रम रद्द किए गए थे। पोप को वेटिकन में प्रार्थना सभागार में व्हीलचेयर पर लाया गया। पोप ने फ्लू के कारण शनिवार और सोमवार के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए थे, लेकिन रविवार को वह हमेशा की तरह सेंट पीटर स्क्वायर की ओर वाली खिड़की पर दिखाई दिए।

## अमेरिका को भरोसा, भारत की मेजबानी में क्वाड बेहतर काम करेगा

वाशिंगटन। व्हाइट हाइट की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने कहा कि क्वाड ने पिछले तीन वर्षों में जो सफलता हासिल की है, इससे राष्ट्रपति जो बाइडन काफी खुश हैं। हमें उम्मीद है कि भारत की मेजबानी में भी यह सफलता कायम रहेगी। भारत 2024 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, इस लेकर अमेरिका उत्साहित है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस पर बात की। व्हाइट हाइट की प्रेस सचिव पियरे ने कहा कि क्वाड ने पिछले तीन वर्षों में जो सफलता हासिल की है, इससे राष्ट्रपति बाइडन काफी खुश हैं। हमें उम्मीद है कि भारत की अध्यक्षता में भी यह गति बरकरार रहेगी। क्वाड की सफलता सिर्फ अमेरिका के लिए नही बल्कि भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र स्वतंत्र हों, खुले हों और समृद्ध हो यही क्वाड का साझा दृष्टिकोण है। पियरे ने कहा कि क्वाड इंडो पैसिफिक क्षेत्र को लाभ पहुंचा रहा है। इसलिए 2024 में भी हम इस प्रगति को जारी रखना चाहते हैं।

## स्वीडन की नाटो सदस्यता के ख़िलाफ़ जवाबी उपाय करेगा रूस

मॉस्को। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि रूस नाटो में शामिल होने के बाद स्वीडन की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा और उसके अनुसार जरूरी कार्रवाई करेगा। जखारोवा बुधवार को कहा, 'हम इस बात की निगरानी करेंगे कि स्वीडन नाटो में शामिल होकर क्या करेगा, इसके आधार पर हम आगे की तैयारी करेंगे।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ज़खारोवा ने कहा कि रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष उत्पन्न हर खतरे को रोकने के लिए मास्को आवश्यक उपाय करेगा। उन्होंने कहा कि स्वीडन की अब तक की गुटनिरपेक्षता की नीति उत्तरी यूरोप में स्थिरता बनाए रखने में सहायक हुआ करती थी। जखारोवा कहा कि नाटो की सदस्यता लेने से स्वीडन की संप्रभुता कमजोर होगी। गौरतलब है कि हंगरी की संसद ने सोमवार को नाटो में शामिल होने के लिए स्वीडन के अनुरोध को मंजूरी दे दी थी, इससे स्वीडन के नाटो में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया।

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 30 हजार के करीब : मंत्रालय

गाजा। गाजा पट्टी में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 29,954 हो गया है। इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों में 76 लोगों की जान ले ली। यह जानकारी हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस बीच, 110 लोग घायल हो गए। पिछले साल अक्टूबर के प्रारंभ में शुरू इजरायल-हमास युद्ध में अब तक घायलों की कुल संख्या 70,325 हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार भारी बमबारी और नागरिक सुरक्षा व एम्बुलेंस कर्मचारियों की कमी के बीच कुछ मृतक मलबे में दबे हुए हैं। बुधवार को, इज़रायली मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि गाजा पट्टी में लड़ाई के दौरान आईडीएफ के दो अधिकारी मारे गए और सात सैनिक घायल हो गए। इससे मरने वाले सैनिकों की संख्या 582 हो गई। आईडीएफ सूत्रों का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल का जमीनी अभियान पूरे गाजा पट्टी में जारी रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायली सेना ने सुरंगों और हमास के अन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि गाजा में युद्ध का लक्ष्य, यह सुनिश्चित करना है कि अब 7 अक्टूबर 2023 जैसे हमला फिर कभी न हो। गौरतलब है कि 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़रायल में हमास के हमले में लगभग 1,200 इजरायली मारे गए थे और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया था।

## दक्षिण अफ्रीका के द्वीप में भूकंप के झटके

बीजिंग। दक्षिण अफ्रीका के प्रिंस एडवर्ड द्वीप क्षेत्र में मध्यम स्तरीय भूकंप के झटके महसूस किये गये। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार स्थानीय समयानुसार 01:11 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.1 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 41.15 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 43.16 डिग्री पूर्वी देशांतर के साथ पृथ्वी की सतह से 10.0 किमी की गहराई पर रहा।

## नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी में दो भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में मादक पदार्थों की तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किए गए चार लोगों में दो लोग भारतीय नागरिक हैं। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय नागरिक छोटू पासवान (20) को लालबंदी नगर पालिका क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उसकी मोटरसाइकिल से सात किलोग्राम हशीश जब्त किया गया। एक अलग मामले में महोतरी जिले के पिपरा ग्रामीण नगर पालिका क्षेत्र से एक भारतीय नागरिक सहित तीन लोगों को विभिन्न प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने बिहार के रहने वाले 20 वर्षीय सुबोध राउत और दो नेपाली नागरिकों मोहम्मद हुसैन तथा गुडू सफी से फेनर्गन 496 एम्प्यूल्स, टायलगेसिस 499 एम्प्यूल्स और डायजेपाम 492 एम्प्यूल्स जब्त किए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गुब्बारे में अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रही ये कंपनी, -गुब्बारे में 5 स्टार होटल जैसा मिलेगा आनंद

वाशिंगटन। फ्लोरिडा की कंपनी स्पेस पर्सपेक्टिव लोगों को गुब्बारे में अंतरिक्ष भेजने की तैयारी कर रही है। कंपनी द्वारा विशेष तौर तैयार किये गए गुब्बारे में 5 स्टार होटल जैसा मजा भी मिलेगा। एक साथ आठ मेहमानों को खड़े होकर घूमने, कॉकटेल पीने, रोमांटिक डिनर करने, पार्टियां आयोजित करने और यहां तक कि शादी करने की इजाजत भी होगी। धरती को देखते हुए आप ये सब कर सकेंगे। लेकिन यह इतना सस्ता नहीं होने वाला। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लोरिडा की कंपनी स्पेस पर्सपेक्टिव दुनिया का पहला अंतरिक्ष होटल बना रही है। अगले साल से इसकी उड़ान शुरू करने की योजना है। देखने में यह एक गुब्बारे जैसा नजर आएगा और धरती से 29 किलोमीटर ऊपर धीरे-धीरे तैरता हुआ दिखेगा। इसमें आलीशान सीटें लगाई गई हैं, जो 360 डिग्री घूम सकती हैं। इसकी खिड़कियों से आप अंतरिक्ष से धरती का खूबसूरत नजारा देख सकेंगे। एक स्पा बाथरूम होगा तो एक शानदार बार भी, जहां आप कॉकटेल का मजा ले सकेंगे। कंपनी ने इसे नेप्च्यून नाम दिया है। सामान्य अंतरिक्ष यान 17,000 मील प्रति घंटे की रफ्तार से आकाश में उड़ाए जाते हैं, लेकिन यह लग्जरी अंतरिक्ष यान केवल 12 मील प्रति घंटे की गति से स्पेस में सफर करेगा। इसमें वाईफाई भी है, ताकि मौज-मस्ती करने वाले लोग अंतरिक्ष से धरती की तस्वीरें खींचकर तुरंत अपने प्रियजनों को भेज सकेंगे। सबसे खास बात, इन्हें महासागरों से लॉन्च किया जाएगा और जब अंतरिक्ष यात्रा समाप्त होगी तो यह समुद्र के पानी में तैरते लॉन्चपैड पर उतरेगा। हालांकि, ये इतना सस्ता नहीं होगा। नेप्च्यून में जाने वाले हर शख्स को तकरीबन 1 करोड़ रुपये चुकाने होंगे। अगले साल की शुरुआत में इसकी पहली उड़ान होगी, और अंतरिक्ष का सफर करने के इच्छुक लोग इससे कुछ महीने पहले से टिकट ले सकेंगे। पहले साल 1,750 लोगों को सफर का मौका मिल सकता है। क्योंकि कंपनी दुनिया के कई महासागरों से इसके लॉन्चिंग की योजना बना रही है। कंपनी के सह-संस्थापक टैबर मैकलम ने कहा, यह गेम-चेंजर होगा। स्पेस कैप्सूल ऐसा कुछ है जिसे दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा है। यह दुनिया का एकमात्र कार्बन-न्यूट्रल अंतरिक्ष यान होगा।



इजरायल में हमास के हमले में बंधक बनाये गये लोगों के परिजन उन्हें मुक्त कराने की मांग को लेकर एक मार्च निकालते हुए।

## इमरान खान ने क्यों लिखा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को पत्र

कराची । पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पत्र लिखा, जिसमें नकदी संकट से जूझ रहे देश के साथ किसी और बेलआउट वार्ता पर विचार करने से पहले कम से कम 30 प्रतिशत राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबली सीटों का ऑडिट सुनिश्चित करने को कहा। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफद (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान (71) ने घोषणा की थी कि वह वैश्विक ऋणदाता से किसी भी सहायता देने से बचने के लिए कहेगा, क्योंकि अधिकारियों ने उनकी पार्टी को सत्ता से बाहर रखने के लिए चुनावी नतीजों में धांधली की है। पार्टी के उनके मनोनीत अध्यक्ष



गौहर अली खान ने पार्टी महासचिव उमर अयूब खान के साथ प्रेसवार्ता को संबोधित कर पत्र की पुष्टि की लेकिन उन्होंने इसकी विषयवस्तु साझा करने से इंकार किया। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि पत्र को तब तक मीडिया के साथ साझा नही किया जाएगा जब तक कि इस पार्टी द्वारा मान्यता नही मिल जाती। हालांकि, पीटीआई ने खान के मार्गदर्शन में पार्टी प्रवक्ता रऊफ हसन द्वारा आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा को संबोधित एक पत्र देखा है। पत्र की शुरुआत स्पष्टीकरण से होती है कि पार्टी पाकिस्तान को आईएमएफ की सुविधा के खिलाफ नहीं है।

# रूस पर एक्शन, भारत को झटका, अमेरिका के इस कदम से फायदे में रहेंगे ये देश

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन और रूस में जारी युद्ध के बीच अमेरिका की तरफ से मॉस्को पर नए प्रतिबंधों की घोषणा कर दी गई है। अमेरिका की तरफ से रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों में भुगतान प्रणाली, वित्तीय संस्थान और ऊर्जा उत्पादन शामिल है। रूस के खिलाफ अमेरिका के इस एक्शन का भारत पर भी बड़ा असर पड़ना तय है। रूसी कोयले के तीन प्रमुख व्यापारियों ने कहा कि मॉस्को पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों से रूस से थर्मल कोयले के भारतीय आयात में कटौती की संभावना पिछले प्रतिबंधों की तुलना में अधिक है। उन्होंने इसके लिए विशेष रूप से शीर्ष निर्यातकों एसयूईके और मेचेल का हवाला दिया। रूस ऐतिहासिक रूप से भारत को ईंधन का एक छोटा निर्यातक था। उसने यूक्रेन पर आक्रमण के बाद मास्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद दक्षिण एशियाई देश में शिपमेंट को बढ़ावा देना शुरू कर दिया। नए अमेरिकी प्रतिबंधों में रूस की भुगतान प्रणाली, वित्तीय संस्थान और ऊर्जा उत्पादन भी शामिल हैं।



प्रमुख भारतीय व्यापारी ने पश्चिमी भारतीय राज्य गोवा में कोलट्रांस सम्मेलन के मौके पर रॉयटर्स को बताया कि नए प्रतिबंधों के साथ, मुझे उम्मीद नहीं है कि कोई भी बड़ी भारतीय कंपनी रूसी कार्गो खरीदेगी। दो भारतीय और एक रूसी व्यापारियों ने नाम बताने से इनकार कर दिया क्योंकि वे मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। दूसरे भारतीय व्यापारी ने कहा कि कोयले की शिपमेंट अभी भी नहीं रुकेगी, लेकिन लोग रूसी कार्गो को छूने में अधिक झिझकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य कोयला आपूर्तिकर्ताओं को फायदा हो सकता है।

रॉयटर्स द्वारा समीक्षा किए गए जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि भारतीय समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप, वेदांता और कंसोर्टियम आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया पिछले छह महीनों में रूसी थर्मल कोयले के सबसे बड़े आयातकों में से थे। तीनों कंपनियों ने नए प्रतिबंधों से किसी भी संभावित प्रभाव पर टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। रूस के सबसे बड़े कोयला उत्पादक और निर्यातक SUEK ने टिप्पणी मांगने वाले ईमेल का जवाब नहीं दिया। रॉयटर्स तुरंत टिप्पणी के लिए मेचेल तक पहुंचने में सक्षम नहीं था। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि अमेरिका के नए प्रतिबंधों से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य कोयला निर्यातक देशों को फायदा हो सकता है।

## नवाज शरीफ सहित पाकिस्तान के नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने बृहस्पतिवार को शपथ ली।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नयी संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज़ अशरफ की अध्यक्षता में 16वीं संसद का पहला सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों द्वारा आठ फरवरी के आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए जाने के बीच अशरफ ने नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई।

शपथ लेने वाले नए सांसदों में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी शामिल हैं। तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ ने साधारण सांसद के रूप में शपथ ली। चुनाव में अपनी पार्टी के बहुत अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के कारण उन्होंने कुछ दिन पहले चौथी बार प्रधानमंत्री बनने का अपना प्रयास छोड़ दिया था। नवनिर्वाचित सांसद नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव शनिवार को होने की उम्मीद है और पीएमएल-एन तथा पीपीपी के बीच चुनाव बाद समझौते के तहत नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सदन का नया नेता चुना जाना तय है। चुनाव में पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की सर्वाधिक 93 सीट जीती हैं। पीएमएल-एन ने 75 और पीपीपी को 54 सीट पर जीत मिली थी। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के खाते में 17 सीट आई थीं।

## बांग्लादेश ने पद्मा-मेघना नदी अभयारण्य में दो महीने के लिए मछली पकड़ने पर रोक लगाई

ढाका। बांग्लादेश ने पद्मा-मेघना नदी अभयारण्य में मछली पकड़ने पर दो महीने के लिए रोक लगा दी। यह प्रतिबंध शुक्रवार से प्रभावी होगा। यह अभयारण्य 70 किलोमीटर तक फैला है। सरकार के इस कदम से चांदपुर में 43,000 पंजीकृत मछुआरे प्रभावित होंगे। पद्मा-मेघना अभयारण्य में यह प्रतिबंध इलिश (हिलसा) सहित सभी प्रकार की मछली पकड़ने पर लागू होगा। मेघना नदी में पद्मा नदी चांदपुर जिला में मिलती है। इसके बाद मेघना भोला जिला में बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। बांग्लादेश की सीमाओं के भीतर बहने वाली नदियों में मेघना सबसे चौड़े पाट वाली नदी है। भोला के निकट एक बिंदु पर यह 12 किलोमीटर चौड़ी है। हिलसा मछली असामान्य रूप से नाजुक मांस वाली मछली की कुछ गिनी-चुनी प्रजातियों में से एक है। यह अभयारण्य मतलब उत्तर उप जिला में शतनाल से लेकर हैमचार उप जिला में चारभैरबी तक फैला हुआ है। जिला मत्स्य अधिकारी गोलाम मेहेदी हसन ने कहा कि एक मार्च से 30 अप्रैल तक दो महीने तक मछुआरों को प्रति व्यक्ति 40 किलोग्राम खाद्य सहायता दी जाएगी। टास्क फोर्स में कार्यकारी मजिस्ट्रेट शामिल हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले मछुआरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। आनंद बाजार जैसे क्षेत्रों के मछुआरों ने प्रतिबंध पर चिंता व्यक्त की है। चांदपुर नदी पुलिस थाना प्रभारी कमरुज्जमां ने कहा कि नदी पुलिस ने प्रतिबंध को लागू करने के लिए सभी तैयारियां कर ली है। चांदपुर सदर उप जिला के वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी तंजीमुल इस्लाम ने कहा कि अगर कोई मछुआरा कानून की अवहेलना करता है तो सख्त कार्रवाई होगी।

## भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा कहा- यूएन के मंच का गलत इस्तेमाल न करें

**जिनेवा (एजेंसी)।** आतंकी फैक्ट्री चलाने वाला पाकिस्तान कई बार अपने मुंह की खा चुका है। इसके बाद भी सुधरने का नाम नहीं लेता है। इस बार यूएन की भरी सभा में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा। भारत का कहना है कि खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड्स वाले पाकिस्तान को भारत पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही आरोप लगाए हैं कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मंच का फिर गलत इस्तेमाल किया है। मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में भारत की तरफ से प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने साफ कर दिया, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं। भारत ने कहा कि क्षेत्र में सुशासन, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार की तरफ से किए जा रहे प्रयास भारत का आंतरिक मामला है। भारत ने कहा इन मामलों पर बात करने का अधिकार पाकिस्तान को नहीं है। उन्होंने कहा, एक ज्वलंत उदाहरण अगस्त 2023 में पाकिस्तान के जरनवाला शहर में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के साथ बड़े स्तर पर हुई क्रूरता है। तब 19 चर्चों को तोड़ दिया गया था और 89 ईसाई घरों को जला दिया गया था। तीसरा एक ऐसा देश, जो यूएनएससी में नामित आतंकियों को पनाह देता है, वह भारत पर टिप्पणी कर रहा है जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के लिए उदाहरण है। यह हर किसी के लिए विरोधाभासी है। उन्होंने कहा, हम ऐसे देश पर ध्यान नहीं दे सकते, जो आतंकवाद से हुए खून खराबे के लाल रंग में डूबा हुआ है, जो कर्ज से दबी बैलेंस शीट के लाल रंग से रंगा हुआ है और शर्म के उस लाल रंग से रंगा है, जो उसके लोग अपनी ही सरकार के लिए महसूस करते हैं जो उनके हितों को पूरा नहीं कर सकी। खास बात है कि कुछ समय पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि पाकिस्तान का भविष्य उसके ही फैसलों पर टिका हुआ है।

# 45 साल बाद पाकिस्तान में पूर्व पीएम भुट्टो को दी गई फांसी पर छिड़ी जंग

### - 9 जजों की संवैधानिक बेंच कर रही सुनवाई

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में इन दिनों 45 साल पहले पूर्व पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो को दी गई फांसी की सजा पर जंग छिड़ी हुई है। लंबे अरसे से पूर्व पीएम भुट्टो की फांसी के फैसले को गलत बताया जाता रहा है। अब मामले में अर्जी दाखिल की गई तब 9 जजों की संवैधानिक बेंच में मामले की बहस चल रही है। मांग है कि भले ही पूर्व पीएम भुटटो की जिंदगी नहीं लौटाई जा सकती, लेकिन उन्हें दोषी ठहराने के फैसले की समीक्षा हो सकती है। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया है कि सोमवार तक इस मामले में बहस समाप्त हो सकती है। इस बीच सुनवाई के दौरान अदालत में एमिकस क्यूरी यानी न्याय मित्र के तौर पर पेश सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मंजूर मलिक ने इस फैसले को न्याय की हत्या करार दिया।



उन्होंने कहा कि यह ट्रायल ऑफ मर्डर नहीं था बल्कि मर्डर ऑफ ट्रायल था। उन्होंने अदालत से अपील कर कहा कि वे इस ऐतिहासिक गलती में सुधार करे। केस की सुनवाई चीफ जस्टिस काजी फैज इसा की अगुवाई वाली 9 जजों की बेंच कर रही है। दरअसल पूर्व पीएम भुट्टो को लाहौर हाई कोर्ट ने 18 मार्च, 1978 को फांसी की सजा दी थी। उन्हें पीपीपी के संस्थापक सदस्यों में से एक अहमद रजा कसूरी की हत्या का आदेश देने पर यह सजा दी गई थी। इस फैसले को बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी 4-3 के बहुमत से बरकरार रखा था और जिया उल हक के शासनकाल में उन्हें 4 अप्रैल, 1978 को ही फांसी दी गई थी। पूर्व पीएम भुट्टो को पसंद करने वालों की पाकिस्तान में बड़ी तादाद है। खासतौर पर उनकी पार्टी पीपीपी के सैकड़ों समर्थक उसमें शामिल हैं। 2008 से 2013 के दौरान पाकिस्तान में जब पीपीपी की हुकूमत थी, तब आसिफ अली जरदारी ने भुट्टो को मिली फांसी की सजा पर समीक्षा की अर्जी डाली थी।

बता दें कि आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति रहे हैं और वे जुल्फिकार अली भुट्टो के दामाद हैं। भुट्टो के नाती बिलावल भुट्टो जरदारी भी राजनीति में हैं। जुल्फिकार की तरह ही उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो की भी पाकिस्तान की सरेआम हत्या कर डाली गई थी।

इस मामले में बहस के दौरान एमिकस क्यूरी ने भुट्टो को मिली सजा पर सवाल उठाए। उन्होंने एक अहम सवाल उठाकर कहा कि कसूरी की हत्या का आदेश देने का आरोप भुट्टो पर लगता है। लेकिन जब केस चला तब एक गवाह मसूद महमूद का बयान लिया और उन्होंने माना कि भुट्टो ने आदेश दिया था। लेकिन दूसरे गवाह का बयान नहीं लिया गया क्योंकि उसका दावा कुछ अलग था। उन्होंने कहा कि मसूद महमूद भी उसी जिले का था, जहां के कसूरी थी।

## राष्ट्रपति चुनाव के रण में बगैर किसी रोक-टोक ग्रैंड एंट्री के लिए तैयार ट्रंप ! सुप्रीम कोर्ट ने क्या नया फैसला सुना दिया ?



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तमाम आपराधिक केस चल रहे हैं। इनमें से 2020 में हुए चुनाव में धांधली का केस भी शामिल है। जिस पर कैपिटल हिल परिसर में हिंसा भी देखने को मिली थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप पर इस आपराधिक केस में छूट दिए जाने पर फैसला सुनाया और कहा कि पूर्व राष्ट्रपति को इस केस पर अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए एक और मौका दिया जाना चाहिए। न्यायाधीशों ने विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा चलाए जा रहे आपराधिक मामले पर रोक लगा दी है और अभियोजन से छूट के ट्रम्प के दावे को निचली अदालत द्वारा खारिज करने की समीक्षा करेंगे क्योंकि वह राष्ट्रपति थे जब उन्होंने राष्ट्रपति जो बिडेन की चुनावी जीत को उलटने के उद्देश्य से कार्रवाई की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 22 अप्रैल के सप्ताह के दौरान एक प्रश्न पर मौखिक बहस के लिए निर्धारित किया गया। जिनमें देखा जाएगा कि किस हद तक एक पूर्व राष्ट्रपति को कार्यालय में अपने कार्यकाल के दौरान आधिकारिक कृत्यों में शामिल आचरण के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से राष्ट्रपति की छूट प्राप्त है। आपराधिक मुकदमा चलाने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, 5 नवंबर के अमेरिकी चुनाव में डेमोक्रेट बाइडेन को चुनौती देने के लिए रिपब्लिकन नामांकन के लिए सबसे आगे हैं।

यह मामला एक बार फिर देश के शीर्ष न्यायिक निकाय को चुनाव मैदान में धकेल देता है, जिसके 6-3 रूढ़िवादी बहुमत में ट्रम्प द्वारा नियुक्त तीन न्यायाधीश शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट इस बात पर भी फैसला सुनाने वाला है कि क्या उस न्यायिक फैसले को पलट दिया जाए जिसने विद्रोह के संबंध में संवैधानिक प्रावधान के आधार पर ट्रम्प को कोलोराडो के रिपब्लिकन प्राथमिक मतदान से रोक दिया था।

## बेयरस्टो धर्मशाला में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे : मैकुलम

**धर्मशाला ।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो धर्मशाला टेस्ट खेलेंगे। इससे पहले अटकलें लगायी जा रहीं थीं कि खराब फार्म के चलते बेयरस्टो को अंतिम टेस्ट से बाहर किया जा सकता है पर मैकुलम ने इससे इंकार किया है। उनका कहना है कि बेयरस्टो भारत के खिलाफ पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे। साथ ही कहा कि ये मैच उनके लिए इसलिए भी अहम रहेगा क्योंकि ये उनका 100वां मैच होगा। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट 7 मार्च से खेला जाएगा। मैकुलम ने कहा, हां, वह अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। साथ ही कहा कि बेयरस्टो को भी मील का पत्थर बनना पसंद है। वह इससे पीछे नहीं हटेंगे। वह खेलेंगे। यह उनके लिए वास्तव में एक भावनात्मक पल होगा। हर कोई जानता है कि वह एक भावुक किस्म के व्यक्ति हैं। इस तरह के बड़े पड़ाव उसके लिए बहुत अहम स्थान रखते हैं। हम ये पल उसके साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि 99 टेस्ट और 176 पारियों में बेयरस्टो ने 36.42 की औसत से 5,974 रन बनाए हैं जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक भी शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 167 रन रहा है। बेयरस्टो हालांकि इस सीरीज में नाकाम रहे और अब तक खेले गये चार टेस्ट और आठ पारियों में 21.25 की औसत से वह केवल 170 रन ही बना पाये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 38 रन है। मैकुलम ने यह भी कहा कि सीरीज हारने के बाद भी उनकी टीम 18 महीने पहले की तुलना में अब बेहतर स्थिति में पहुंच गयी है। बेन स्टोक्स की कप्तानी और मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने अबतक 22 टेस्ट मैचों में से 14 जीते हैं जबकि सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है।

# बीसीसीआई ने अंतिम टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित की

### बुमराह की वापसी , राहुल बाहर हुए

**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ सात मार्च से होने वाले पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी है। इस मैच के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है पर अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल चोटिल होने के कारण इस मैच में भी नहीं खेलेंगे। राहुल की दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में दर्द है इसी कारण वह विशेषज्ञों ककी राय लेने के लिए लंदन गए हैं। राहुल ने इस सीरीज में केवल हैदराबाद में पहला मैच ही खेला था। बीसीसीआई ने कहा, राहुल को धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी बारीकी से जांच कर रही है। इसके साथ ही उनकी फिटनेस के प्रबंधन के लिए लंदन में विशेषज्ञों के साथ काम कर रही है।

इसी बीच टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के अनुरूप रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किए गए बुमराह 7 मार्च से शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए धर्मशाला में टीम के साथ जुड़ेंगे। रांची में चौथे टेस्ट में जीत के बाद भारतीय टीम ने पहले ही 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। अंतिम टेस्ट में राहुल के नहीं होने से रजत पाटीदार टीम में बने रहेंगे पर उन्होंने छह पारियों में केवल 63 रन ही बनाये है जिसके चलते उनका अंतिम टेस्ट में खेलना मुश्किल नजर आत है।




**भारतीय टीम इस प्रकार है;** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल विकेटकीपर , केएस भरत विकेटकीपर, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव , मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# एशियाई खेलों की विजेता पलक ने एयर पिस्टल ट्रायल के पहले दिन स्वर्ण जीता

**भोपाल,**

मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन हरियाणा की पलक ने एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टी3 ट्रायल जीत लिया। राजस्थान के निशानेबाज अमित शर्मा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में टीम रजत पदक जीता था, पुरुषों की एयर पिस्टल टी3 स्पर्धा में विजयी हुए। पलक ने महाराष्ट्र की शीतल प्रीतम देसाई की चुनौती पर काबू पा लिया, जिन्होंने पहले 581 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया था। पलक ने 242 का स्कोर किया, जबकि शीतल 240.6 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। स्टेटमेंट सुरुचि तीसरे स्थान पर रहीं। दूसरी ओर, अमित ने फाइनल में 242.6 का स्कोर बनाकर सेना के श्रवण कुमार को पछाड दिया, जो 242.2 के स्कोर के साथ 0.4 से पीछे दूसरे स्थान पर थे। सेना से ही ओलपियन गुरप्रीत सिंह 221.7 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। श्रवण क्वालीफाइंग में सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज थे, जो 586 के साथ हरियाणा के आदित्य मालरा के बराबर थे। लेकिन, 273 के मुकाबले आदित्य के 203 को शीर्ष स्थान के लिए पछाड़ दिया गया। अमित शर्मा ने 584 का स्कोर किया और क्वालीफिकेशन के बाद तीसरे स्थान पर रहे।



# ग्रीन के शानदार शतक से ऑस्ट्रेलिया ने बनाये 279/9

### मेजबान टीम के हेनरी ने लिए चार विकेट

**ऑकलैंड ।**

कैमरन ग्रीन के शानदार शतक से ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 279 रन बनाये। ग्रीन ने इस मैच में 103 रनों की पारी खेली। इस मैच में मेजबान न्यूजीलैंड ने मैट हेनरी की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को 112 रनों पर ही समेट दिया। इसके बाद ग्रीन ने एक छोर संभाला और कीवी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। मेजबान टीम की ओर से हेनरी ने चार विकेट लिए। इस मैच में मेजबान न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। उनका फैसला सही साबित होता दिख रहा था पर ग्रीन ने उसपर पानी फेर दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी रही और उसने लंच तक सिर्फ एक विकेट गंवाकर 62 रन बना लिए। उस्मान ख्वाजा 33 और स्टीव स्मिथ 31 रनों पर खेल रहे थे। इसके बाद मध्यक्रम के ध्वस्त होने से टीम मुश्किल में फंस गयी। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद 3 विकेट और खो दिये। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले स्टीव स्मिथ का विकेट खोया और दूसरे सत्र में उस्मान ख्वाजा, मार्नर लैबुशेन 1 और ट्रेविस हेड 1 पेवेलियन लौटे। खेल के तीसरे सत्र में जहां ऑस्ट्रेलिया ने तेजी से रन बनाए पर उसके विकेट भी गिरे। इस सत्र में ग्रीन ने जहां एक छोर पर टिके रहे। वहीं दूसरे छोर से मिचेल मार्च ने 39 गेंदों पर ही 40 रन बना दिए। मार्श के आउट होने के बाद एलेक्स कैरी 10, मिचेल स्टार्क 9 और पैट कमिंस 16 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये।

इसके बाद भी ग्रीन जमे रहे। उन्होंने नाथन लायन 6 के आउट होने के बाद जोश हेजलवुड के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई और अपना शतक भी पूरा किया। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम एक सम्मानजनक स्कोर बनाने में सफल रही।

# सरकार के मामले को हल करे बिना डब्ल्यूएफआई ट्रॉयल में भाग नहीं लेंगे : बजरंग

**नई दिल्ली ।**



संजय सिंह की अध्यक्षता वाले भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा राष्ट्रीय ट्रायल के लिए आमंत्रित किये जाने पर पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि जब तक इस मामले में सरकार समाधान नहीं पेश करती हम इसमें भाग नहीं लेंगे। डब्ल्यूएफआई ने बजरंग के अलावा साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को भी ट्रायल के लिए बुलाया है। वहीं डब्ल्यूएफआई ने विरोध कर रहे पहलवानों को किर्गिस्तान में 2024 पेरिस गेम्स क्वालीफायर सहित दो शीर्ष एशियाई प्रतियोगिताओं के लिए टीमों का चयन करने के लिए मार्च में ट्रायल में भाग लेने के लिए बुलाया है। बजरंग ने कहा, हमें नहीं पता कि डब्ल्यूएफआई में क्या हो रहा है। सरकार कुछ क्यों नहीं कर रही है? डब्ल्यूएफआई राज्य चुनाव करा रहा है, सरकारी पैसे का इस्तेमाल कर रहा है और खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने के बावजूद ट्रायल आयोजित कर रहा है। यह वास्तव में निराशाजनक बात है। यदि ट्रायल केवल डब्ल्यूएफआई के हाथों में है और सरकार कुछ नहीं करेगी, तो हम ट्रायल के लिए भी नहीं जाएंगे। साथ ही आरोप लगाया कि संजय सिंह अध्यक्ष बनने के बाद सभी नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। वहीं सरकार मौन बनी हुई है। ये बात समझ से परे है। इस महीने की शुरुआत में, यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने डब्ल्यूएफआई का निलंबन इस शर्त के साथ हटा दिया था कि तीन पहलवानों को अवसर दिया जाएगा और पूर्व राष्ट्रीय महासंघ प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध करने के लिए उनके साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

# सहवाग और पीटर की शानदार बल्लेबाजी से मुंबई चैंपियंस जीती वेटरन प्रीमियर लीग

**ग्रेटर नोएडा ।**

यहां जारी इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आक्रामक पारी खेलकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सहवाग ने सुरेश रैना की टीम वीवीआईपी उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए आक्रामक पारी खेली। आईवीपीएल के इस मुकाबले में इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी पीटर ट्रेगो ने भी वीवीआईपी की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया। पीटर और सहवाग की बल्लेबाजी से मुंबई चैंपियंस ने वीवीआईपी उत्तर प्रदेश को 8 विकेट से हराया। वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की ओर से अंशुल कपूर ने नाबाद 87 रन बनाये। इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 4 छक्के लगाया। अंशुल के अलावा रोहित श्रीवास्तव ने भी 22 गेंद पर 30 और पुनीत बिष्ट ने 12 गेंद पर 26 रन बनाये। इसकी सहायता से उत्तर प्रदेश ने 176 पर बनाये। वहीं मुंबई चैंपियंस की ओर से पीटर ट्रेगो और अफरोज खान ने 2-2 विकेट लिए। इन दोनों के अलावा अमित सनन और विनय यादव को भी एक-एक विकेट मिला। .

इसके बाद जीत के लिए मिले 177 रनों के लक्ष्य को मुंबई चैंपियंस को 19 ओवर में ही आसानी से दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मुम्बई की ओर से अभिषेक झुनझुनवाला ने 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाये। वहीं पीटर ने 29 गेंदों पर नाबाद 41 रन बनाए। इस मैच का आकर्षण सहवाग की 23 गेंद पर 35 रन की पारी रही। सहवाग और मोनू कुमार ने अपनी टीम की ओर से अच्छी शुरुआत करते हुए 63 रनों की शुरुआती साझेदारी की इसके बाद अन्य बल्लेबाजों ने भी रन बनाकर टीम को जीत दिलादी। मुंबई चैंपियंस की टीम अब शुक्रवार को राजस्थान लेजेंड्स से खेलेगी।



## आईपीएल 2024 के लिए मार्च के पहले सप्ताह में शुरु होगी टिकट बिक्री

**मुम्बई ।** 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2024 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईपीएल के लिए टिकटों की बिक्री मार्च के पहले सप्ताह में शुरु होगी। टिकटें ऑनलाइन बुक होंगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हालांकि अभी तक टिकटों की बिक्री को लेकर कोई आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए क्रिकेट प्रशंसक आईपीएल वेबसाइट, बुकमायशो या पेटीएम इनसाइडर पर जा सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए टिकटों की कीमतें सीटों के प्रकार, मैच की लोकप्रियता और स्थल जैसे विभिन्न कारकों के आधार पर तय की जाएंगी। कीमतें सौ से लेकर कई हजार रुपए तक होंगी। जिससे सभी लोग इन मैचों का आनंद उठा सकें। इससे पहले बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के शुरुआत दिनों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीसीसीआई के अनुसार लीग मुकाबले 22 मार्च से शुरु होंगे। बोर्ड ने लोकसभा चुनावों के कारण 7 अप्रैल तक के लिए कार्यक्रम जारी किए हैं। इसके बाद का कार्यक्रम चुनाव की तारीखें घोषित करने के बाद घोषित किया जाएगा। गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ अपना शुरुआती मुकाबला खेलेगी। 17 दिनों में देश के 10 अलग-अलग स्थानों पर आईपीए के शुरुआती दिनों के मुकाबले खेले जाएंगे।

### संक्षिप्त समाचार



## न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद अंतराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग करते नजर नहीं आयेंगे इरास्मस

**वेलिंटन ।** दक्षिण अफ्रीकी अंपायर मराइस इरास्मस न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी टेस्ट सीरीज के बाद अंतराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग को अलविदा कह देंगे हालांकि वह घरेलू क्रिकेट में इसे जारी रखेंगे। इरास्मस ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि अब वह कुछ और करना चाहते हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर से अंपायर बने इरास्मस साल 2006 में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग के क्षेत्र में उतरे थे। उन्होंने 80 टेस्ट, 124 एकदिवसीय और 43 टी20आई मैचों में अंपायरिंग की है। इसके अलावा महिला क्रिकेट में भी 18 टी20आई में उन्होंने अंपायर की भूमिका निभाई है। इसी के साथ ही वह 131 पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैचों में टीवी अंपायर भी रहे हैं। इरास्मस ने संन्यास को लेकर कहा, मैं इसमें मिले सम्मान और कई जगहों की यात्राओं को याद करूंगा पर मैं अब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर रहना नहीं चाहता हूं। मुझे लगता है कि जो मैं देख रहा हूं यह उससे काफी बोरिंग है। मैंने पिछले साल अक्तूबर में विचार किया और मैंने आईसीसी से इस बारे में कहा कि मैं अप्रैल में अपना अनुबंध समाप्त करना चाहता हूं। गौतलब है कि इरास्मस ने साल 2016, 2017 और 2021 में आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर का खिताब भी जीता था। इससे वह रिचर्ड केटलबोरो, अलीम दार और साइमन टफेल जैसे अंपायरों में शामिल हो गये। वह 2010 से अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल हुए थे। संन्यास के बाद की अपनी योजनाओं को लेकर इराम्मस ने कहा, मेरे पास देश की यात्रा के लिए कुछ योजनाएं हैं। सितम्बर के बाद से मैं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के साथ रहूंगा। अभी हमें यह तय करना है कि वह मेरा इस्तेमाल कैसे करते हैं। मैं अगले सत्र में घरेलू क्रिकेट में अंपायरिंग करूंगा और सलाहकार की भूमिका निभाऊंगा।

## रोनाल्डो पर एक मैच का प्रतिबंध लगा

**रियाद ।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी प्रो लीग मुकाबले में अश्लील संकेत करना भारी पड़ा है। रोनाल्डो के इस कदम को आपत्तिजनक मानते हुए उनपर प्रतिबंध के साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है। रोनाल्डो को करीब पांच हजार डॉलर विरोधी टीम अल शबाब को और आधी राशि सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ को भी जुर्माने के तौर पर देनी होगी। रोनाल्डो पर अल नासर क्लब की ओर से खेलते हुए एक मैच में विरोधी टीम अल शबाब टीम के खिलाड़ियों पर आपत्तिजनक संकेतों के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को इस मैच में 3-2 से हराया जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र संकेत किये। दर्शक इस दौरान उनके प्रतिद्वंद्वी स्टार लियोनेल मेसी का नाम ले रहे थे और माना जा रहा है कि रोनाल्डो इससे भड़क गये थे। इस मामले में भारी विरोध को देखते हुए सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर रोनाल्डो के निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है और इसमें उसे अब इस स्टार खिलाड़ी के बिना ही उतरना होगा।

## इरफान पठान ने ईशान और अय्यर को केन्द्रीय अनुबंध से बाहर करने पर सवाल उठाये

### क्या पंड्या पर भी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के लिए होगी कार्रवाई ?

**मुम्बई ।**

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बार किये जाने पर नाराजगी जतायी है। पठान ने कहा कि घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा के आरोप में इन दोनो को बाहर किया गया है पर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी घरेलू क्रिकेट से दूर है लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। साथ ही कहा कि पंड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ी ने भी सीमित ओवरों के क्रिकेट को प्राथमिकता दी है और उन्हें भी राष्ट्रीय टीम की ओर से नहीं खेलने के कारण घरेलू सफेद गेंद प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए कहा जाना चाहिए। इरफान ने ये बात इसलिए कही है क्योंकि पंड्या फिटनेस के नाम पर राष्ट्रीय टीम से बाहर है पर आईपीएल खेलने की तैयारी में लगे हुए हैं। उन्होंने इस दौरान घरेलू क्रिकेट भी नहीं खेला। पंड्या ने सितंबर 2018 से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है और अपने जवाब में कहा है कि उनका चोटिल शरीर उन्हें खेल के सबसे लंबे प्रारूप के बारे में सोचने की अनुमति नहीं देता है। ईशान और श्रेयस के पास पिछले साल सी और बी ग्रेड अनुबंध थे पर 2023-24 सीजन के लिए उन्हें शामिल नहीं किया गया है। हार्दिक ने बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप 2023 मैच में चोट लगने के बाद से भी भारतीय टीम की ओर से नहीं खेला है। इसके बाद भी उनका ए श्रेणी का अनुबंध बरकरार रखा गया है। पठान ने कहा, श्रेयस और ईशान प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। उम्मीद है कि वे वापसी करेंगे और मजबूती से वापसी करेंगे। अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं, तो क्या उन्हें और उनके जैसे अन्य लोगों को सफेद गेंद वाले घरेलू क्रिकेट में भाग लेना चाहिए जब वे ऐसा कर रहे हों। क्या आप राष्ट्रीय कर्तव्य पर नहीं हैं? साथ ही कहा कि यदि बीसीसीआई का नियम सभी पर लागू नहीं होता है, तो भारतीय क्रिकेट वांछित परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएगा। ईशान ने इस सप्ताह की शुरुआत में पुणे में चल रहे डीवाई पाटिल टी20 कप में नवंबर 2023 के बाद से ही पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के लिए लौटे।

## आरसीबी को रेणुका के कारण मिली शुरुआत दोनो मुकाबलों में जीतः सोफी



**बेंगलुरू ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की ऑलराउंडर सोफी मोलिन्यु ने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि टीम की शुरुआती मैचों में जीत में रेणुका की अहम भूमिका रही है। सोफी के अनुसार रेणुका ने अब तक हुए दोनो ही मुकाबलों में शुरुआती विकेट लेकर पावर प्ले पर अपना नियंत्रण बनाया है। इसके अलावा रेणुका ने अपनी स्विंग गेंदबाजी से भी विरोधी टीमों को रन बनाने का अवसर नहीं दिया। आरसीबी की टीम अब चार अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही है। वहीं मुंबई इंडियन्स के भी चार ही अंक हैं पर उसका रन रेट आरसीबी से कम है। आरसीबी का रन रेट प्लस 1.665 का है जो मुम्बई के प्लस 0.488 से बेहतर है और इसलिए वह शीर्ष पर बनी हुई है। आरसीबी ने रेणुका के दो विकेट की बदौलत ही गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रनों पर ही पर ही रोक दिया था। वहीं इसके बाद आरसीबी ने 12.3 ओवर में ही तय लक्ष्य हासिल कर दूसरा मुकाबला जीता। सोफी ने कहा , 'रेणुका ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वह काफी भरोसेमंद खिलाड़ी है और उसकी टीम में होना शानदार रहा है। वह शुरुआत से ही गेंद को खूबसूरती से स्विंग कराती है और मुझे लगता है कि उसने दोनों मुकाबलों में हमारी जीत के लिए माहौल तैयार किया। पहले मुकाबले में यूपी वारियर्स के खिलाफ हालांकि उसे कोई विकेट नहीं मिला पर उसने तीन ओवर में केवल 14 रन देकर विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया।



# शरीर भी आर्थिक स्थिति देखकर देता है साथ

**कहा जाता है कि बुरे समय में आपका सबसे अच्छा साथी आपका स्वास्थ्य होता है, लेकिन यह कहावत शायद पूरी तरह सच नहीं है, क्योंकि आपका शरीर भी आपकी आर्थिक स्थिति को देखकर आपका साथ देता है।**

**ब्रिटिश** वैज्ञानिकों के दल ने इस बात का दावा किया है कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन भी तभी आपका साथ देता है, जब आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने पाया कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा याददाश्त को बढ़ाने, तनाव को कम करने में मददगार होती है और खासकर यह पुरुषों में पचास साल की आयु के दौरान काम करने लगता है।

## लंबी आयु के लिए जरूरी

शोध दल के प्रमुख सर माइकल ने बताया, मैं विश्वास से कह सकता हूं कि यह हमने पहली बार किया है। मेरा यह निजी तौर पर मानना है कि यह तनाव को कम करने का एक तरीका हो सकता है।

आपके शरीर में हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा में मौजूदगी आपको लंबे समय तक जिंदा रखती है। गुर्दे के ऊपर स्थित एड्रीनल गंथि से स्रावित होने वाला यह हार्मोन उनमें अधिकतम मात्रा में पाया जाता है, जो ज्यादा व नियमित तौर पर व्यायाम करते हैं और ज्यादा खुशी, उत्साह, रोमांच और अपने दोस्तों व परिवार के साथ जिंदगी व्यतीत करते हैं। इस तरह का आरामदायक और विलासितापूर्ण जीवन जीना, तभी संभव है जब आपके पास अकूत धन हो।

## उम्र बढ़ने पर होता है स्रावित

उम्र को लेकर किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि एक दूसरा हार्मोन आईजीएफ (इंसुलिन लाइक ग्रोथ फैक्टर) भी उम्र बढ़ने के साथ कम मात्रा में स्रावित होने लगता है। ये दोनों हार्मोन सम्मिलित रूप में मिलकर तनाव की स्थिति को कम करते हैं। इसके साथ ही यह शरीर की अन्य जैविक गतिविधियों मसलन पाचन, प्रतिरक्षा तंत्र और ऊर्जा बनने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इस प्रयोग को करने के लिए शोधकर्ताओं के दल ने करीब पचास साल की उम्र के 1000 व्यक्तियों के खून के नमूने प्राप्त कर यह निष्कर्ष निकालने में कामयाबी पाई। सर माइकल ने कहा, हमने स्पष्ट रूप से पाया कि कम धनी लोगों के बीच तनाव, मोटापा और अनियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान की अधिकता तथा हरी सब्जियों और फलों का कम मात्रा में सेवन कुछ ऐसे कारक थे, जो उनके बीच मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या को उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार थे।

## हार्मोन को सीधा बढ़ाएंगे

शोधकर्ताओं के मुताबिक इस नए शोध के परिणाम की वजह से ऐसी दवाओं के निर्माण का रास्ता खुल गया है, जिसके जरिए हम शरीर में इस तरह के हार्मोन को सीधे बढ़ा पाएंगे। शरीर में इस तरह के हार्मोन के स्तर को बढ़ाने का मामला केवल कुछ गोलियां खाकर पूरा नहीं हो सकता। इस हार्मोन का स्राव बचपन और युवावस्था में काफी मात्रा में होता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ ही इसके स्राव में गिरावट आने लगती है। अस्सी की उम्र में तो इसकी स्रावित मात्रा युवावस्था के मुकाबले में केवल दस प्रतिशत ही रह जाती है।

# विलसन डिजीज से होता है पढ़ाई में चिड़चिड़ापन

**यदि आपके बच्चे का पढ़ाई-लिखाई में मन नहीं लग रहा है, उसमें चिड़चिड़ापन आने लगा है तो आप इसे हल्के से नहीं लें। हो सकता है कि उसे विलसन डिसीज हो गई हो। प्रदेश में लगभग आठ प्रतिशत बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हैं।**

न्यूरोलॉजिस्ट सैमुअल अलेक्जेंडर विलसन ने 1912 में इस रोग का पता लगाया था। तभी से इस बीमारी को नाम मिला। मस्तिष्क व लीवर के ऊतकों (टिश्यू) में मौजूद एटीपी-7 बी नामक जीन (जो कि एक प्रोटीन होता है) के विभाजन (म्यूटेशन) के कारण यह बीमारी होती है। यानी भोजन के साथ शरीर में पहुंचने वाला तांबा तत्व ठीक से नहीं घुल पाता और ऊतकों में जमा हो जाता है।

## संतान में संभावना

इस जीन की एक असामान्य कॉपी 100 में से एक मनुष्य में मौजूद रहती है। इस बीमारी के लक्षण माता-पिता में तो नहीं दिखाई देते, पर वे वाहक (कैरियर) बन जाते हैं और बच्चों में 6 से 20 की उम्र में लक्षण उभर जाते हैं।

## कॉपर बढ़ना है कारण

यह बीमारी शरीर में कॉपर की मात्रा बढ़ने से होती है, इसलिए बच्चे को चाकलेट व बादाम नहीं देना चाहिए। विलसन डिसीज होने पर यदि समय पर रोगी का उपचार नहीं किया गया तो इससे लीवर और आंखों को क्षति पहुंच सकती है। इसका इलाज अभी महानगरों में मौजूद है। बच्चे में कॉपर की मात्रा बढ़ने से उसमें पढ़ाई के प्रति उकताहट होने लगती है, किसी अन्य काम में भी उसका मन नहीं लगता, इसलिए बेहतर है कि उसे चाकलेट खाने को नहीं दिया जाए।







**अगर आप अधिक मात्रा में इत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ज्यादा इत्र के लगाने से आप अवसाद के शिकार भी हो सकते हैं।**

# अधिक इत्र से अवसाद

इत्र के अधिक इस्तेमाल से आप जल्द बीमार पड़ सकते हैं। इत्र से न केवल तनाव और अवसाद (डिप्रेशन) की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि सूंघने की शक्ति में भी कमी आती है।

**करते थे इत्र से स्नान :** इतिहास में इत्र की सबसे बड़ी दीवानी मेरी एन्टोयनेट अपने कभी ना नहाने के कड़वे सच को छुपाने के लिए इत्र लगाकर अपना सारा वातावरण सुगंधमय बना लेती थी। यूरोप में स्नान करना उस समय कोई आसान बात न थी। इसलिए इत्र ही सफाई और सुगंध के लिए एक सुविधाजनक था।

**सूंघने की शक्ति में कमी :** इत्र आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बनते जा रहे हैं, लेकिन मध्यपूर्व के एक विश्वविद्यालय के एक ताजे शोध के अनुसार यह सत्य हाल ही में सामने आया कि एक विशेष रूप के अवसाद से सूंघने की शक्ति में कमी आती है, जिसके कारण लोग ज्यादा या तेज इत्र का प्रयोग करते हैं। जब किसी तेज इत्र की खुशबू आपके नथुनों से टकराए तो आप संदेह कर सकते हैं कि यह व्यक्ति तनाव या अवसाद का शिकार है। यूएई में स्थित स्विस एरेबियन परफ्यूम नामक कंपनी के चेयरमैन हुसैन अदमाली के अनुसार अलग प्रकार की सुगंध से विभिन्न लोगों की मानसिक स्थिति में परिवर्तन होता है। हालांकि यह बात निश्चित रूप से नहीं कही जा सकती कि इत्र का अवसाद से कोई संबंध है या नहीं, पर इत्र की सुगंध मन की भावनाओं पर असर तो जरूर डालती है।

**सुगंध की शक्ति :** यदि आप नाक बंद कर के कोई चीज खाएं तो निश्चित है कि आप उसका पूरा आनंद भी नहीं ले पाएंगे। सुगंध में वह शक्ति है कि वह किसी भी अनुभव को प्रभावित तो करती ही है और बेहतर भी बनाती है। पर इस सबकी वैज्ञानिक व्याख्या के लिए अभी बहुत अध्ययन की आवश्यकता है। अब उपभोक्ताओं को भी बंधी बंधाई परिपाटी से बाहर निकलकर इत्र का चुनाव करते समय जागरूक होने की आवश्यकता है, क्यों कि अलग-अलग व्यक्तियों के शरीर के पर सही इत्र का चुनाव वैयक्तित्व में आत्मविश्वास की वृद्धि करता, जो दूसरों की दृष्टि में उसे अधिक लोकप्रिय बनाता है। अनेक इत्र ऐसे आकर्षक होते हैं कि उनकी सुगंध लोगों को पलटकर देखने पर विवश कर देती है।

**ज्यादा फुहारें नुकसानदायक :** अच्छे से अच्छा इत्र भी दो तीन छोटी फुहारों से अधिक नहीं छिड़कना चाहिए। अगर इसके बाद भी आपको लगता है कि और इत्र होना चाहिए तो किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से पूछा जा सकता है कि और इत्र की आवश्यकता है या नहीं।

**अगर आपके कंधों, बाहों में जोर का दर्द है और लंबे समय तक ठीक नहीं हो रहा है तो आपको रोटेटर कफ टियर की जांच और परीक्षण कराने की जरूरत है।**





# कंधों-बांहों में दर्द का कारण रोटेटर कफ इंजरी

चार पेशिया कंधे की हड्डी और पसलियों की मांसपेशियों को ऊपरी बांह की हड्डी के साथ जोड़ती है, क्योंकि ये पेशियां बांह को उसके कोटर के भीतर घूमने में मदद करती हैं, इन पेशियों के आस्तीन को रोटेटर कफ कहा जाता है।

## रोटेटर कफ पेशियां

रोटेटर कफ में पेशियां आसानी से घायल हो सकती हैं, क्योंकि ये एक तंग जगह के भीतर घूमती हैं। जब कंधे को उसके घुमाव की प्राकृतिक सीमा की हद में मोड़ा या उठाया जाता है, इस तंग जगह में पेशियां भी घूमती हैं। कभी कभी रोटेटर कफ की पेशियां उसके ऊपर के हड्डीदार लौंदे (अंशकूट) या कंधे के सामने एक अस्थिबंध से टकरा या रगड़ खा सकती हैं। इस घर्षण को इंमपिंजमेंट सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है और रोटेटर कफ में सूजन का कारण बनता है। रोटेटर कफ घर्षण की सूजन पैदा करने की सबसे ज्यादा संभावना होती है। यदि आपके कंधे का घुमाव कठिन या दोहरावदार है। सूजन तीन समस्याएं पैदा कर सकती है :

## रोटेटर कफ टैंडोनाइटिस

अकेली पेशी की सूजन विशिष्ट घुमाव में दर्द उत्पन्न करती है, जब मांसपेशी जो उस पेशी को खींचती है, उपयोग हो रही है या जब आप ऊपर की ओर पहुंच रहे हैं।

## शोल्डर बर्साइटिस

उप-अंशकूटीय बरसाइटिस भी कहते हैं। बरसाइटिस तब होता है जब सूजन तरल पदार्थ, जो रोटेटर कफ की पेशियों को चिकना करता है और खंड तक फैल जाती है। दर्द अक्सर रात में और बुरा होता है, जब आप लगभग किसी भी दिशा में अपना कंधे ले जाते हैं, खासकर यदि आप ऊपर की ओर ले जाते हैं।

## रोटेटर कफ टियर

- सूजन के कारण कमजोर हो जाने के बाद पेशी टूट सकती है।
- कंधे के इस्तेमाल के कई प्रकार सामान्यत: रोटेटर कफ की वजह से होते हैं :

## अपने हाथों से धक्का देना

घुटने के गठिया, टांगों में अन्य दर्दनाक स्थितियां, या जांघो में कमजोर चतु:शिरस्क पेशियों द्वारा पीड़ित लोग अपने हाथों से धक्का देकर क्षतिपूर्ति करते हैं, जब वे कुर्सी से उठते हैं। कंधे इस प्रयोग के लिए नहीं बनाए गए हैं। धक्का देने के दौरान, कंधे की कोटर और प्रगंडिका एक उल्टी मोरटार और मूसल जैसे काम करती है, रोटेटर कफ पेशियों को कुचलते और पीसते हुए। फैलाए हुए हाथ के बल गिरते हैं, सीधे वाहन दुर्घटनाओं और खेलों में टक्कर भी पेशियों को कुचल सकती हैं।

## पुनरावृत्तीय फैलाव

ऊपरी हाथों की स्थिति तंग जगह जिनसे रोटेटर कफ पेशियों को निकलना होगा, को छोटा कर देती हैं। पुश अप, तैराकी, घर की सफेदी, घिसना, भवन निर्माण करना, ऑटो मैकेनिक का काम और अन्य गतिविधियां रोटेटर कफ की चोट का कारण हो सकती हैं।

## सशक्त या आकस्मिक ऊपरी बांह का घुमाव

टियर्स विशेष रूप से फेंकने वाली खेलों, रैकेट खेल और कुश्ती के खिलाड़ियों में आम हैं। अचानक संचलन, जैसे एक लॉन की घास काटने की मशीन शुरू करने के लिए खींचना, एक कमजोर पेशी को तोड़ सकता है। इसके अलावा आपका कंधा और आसानी से घायल हो सकता है अगर यह अस्वस्थ है। संकीर्ण जगह जो रोटेटर कफ पेशियों को घेरती है और भी संकीर्ण हो जाता है। अगर आपके कंधे की मांसपेशियां कमजोर या तंग हैं जब ऐसा होता है। दैनिक कंधे के संचलन की अधिक पेशी घर्षण पैदा करने की संभावना है।

## रोटेटर कफ इंजरी की चिकित्सा

कंधे में टैंडोनाइटिस, बरसाइटिस और छोटे रोटेटर कफ टियर्स का प्रभावी रूप से कोर्टिकोस्टेरॉयड दवा की सुई के साथ इलाज किया जा सकता है। इसके बाद कंधे की गति को पुन:संचलन में लाने और रोटेटर कफ की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए भौतिक चिकित्सा के व्यायाम किए जाते हैं। नॉन स्टेरॉइडल एंटी-इंफलेमेटरी ड्रग्स (एनएसए आईडी) जैसे आइबुप्रोफेन (एडविल, मोट्रिन और अन्य) दर्द और सूजन को कम करने में उपयोगी होती हैं। अगर आपका चिकित्सक पता लगाता है कि आपको कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस है, तब डॉक्टर इस बीमारी का इलाज शुरू करता है। प्राय: दोहराती रोटेटर कफ की चोटों या रोटेटर कफ पेशी में बड़े चीरों के लिए सर्जरी आवश्यक हो सकती है।


## रोटेटर कफ इंजरी का निदान

रोटेटर कफ की चोट का आमतौर पर शारीरिक परीक्षण द्वारा निदान किया जाता है। आपका चिकित्सक आपकी बांह कंधे से घुमाएगा और फिर आपकी बांह ऊपर उठाएगा। अगर ऐसी गति से दर्द होता है, रेटेटर कफ सूजा हो सकता है। अगर आपकी कमजोरी ध्यान देने योग्य है, तो आपको रोटेटर कफ टियर की जांच के लिए और परीक्षण कराने की जरूरत है। आपकी मांसपेशियां जो दर्द के कारण जवाब दे रही है, उनसे पेशी की वास्तविक कमजोरी में अंतर आपका चिकित्सक आपके कंधे में सुन्न करने वाली दवा डालकर कर सकता है। यदि टियर लग रहा है, एक चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) स्कैन या शोल्डर अर्थोनाम निदान की पुष्टि कर सकता है। आर्थोग्राम जोड़ों में डाई डालने के बाद कंधे का लिया एक एक्सरे है। कंधे के एक्सरे की हमेशा जरूरत नहीं होती, लेकिन ये मददगार है यदि आपके कंधे को आघात पहुंचा है या आपका चिकित्सक आपकी गति की पूरी सीमा तक आपका कंधा नहीं घुमा सकता। यदि आपके लक्षण सफल उपचार के बाद वापसी कर रहे हैं या जा नहीं रहे, आपका चिकित्सक एक्सरे का आदेश दे सकता है। कभी कभी सूजी हुई पेशी पर कैल्शियम तलछट बनते हैं, जो कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस नामक स्थिति उत्पन्न करते हैं।

## रोटेटर कफ इंजरी के लक्षण



रोटेटर कफ की चोटें आपके कंधे और ऊपरी बांह में दर्द का कारण उत्पन्न करती हैं। दर्द सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण तब हो सकता है, जब आप अपने हाथ ऊपर या बाहर फैलाते हैं। जब आप अपने हाथ उठाते हुए घुमाते हैं, पेशियों की आसपास के ढांचों से रगड़ने की अधिक संभावना है। इस कारण जब आप अपने बालों में कंघी करने या अपनी बांह आस्तीन में डालने की कोशिश करते हैं, आपके कंधे के लक्षण सबसे बुरे हो जाते हैं। रात में आपको क्षीण, दुखता हुआ कंधे का दर्द हो सकता है। इसके अलावा रोटेटर कफ टियर्स जो पेशी के एक महत्वपूर्ण भाग को प्रभावित करते हैं, कंधे की कमजोरी उत्पन्न कर सकते हैं। आपकी बांह एक तरफ बाहर फैलाकर रखने की या कोई वस्तु उठाने की क्षमता को सीमित करते हैं। दर्द की वजह से कंधे का उपयोग करने में कठिनाई का मतलब हमेशा ये नहीं कि टियर है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in